वर्ष- 21 अंक - 353 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, सोमवार 8 जून 2026

## गोलीबारी के बीच कराई 20 बच्चों की डिलीवरी

**मुंबई.एजेंसी।** अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत ने अपनी फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' को 26/11 मुंबई हमलों के दौरान कामा अस्पताल के डॉक्टरों और नर्सों की बहादुरी को समर्पित बताया है। एक्ट्रेस ने कहा कि गोलियों और धमाकों के बीच भी नर्सों ने 20 बच्चों की डिलीवरी करवाई थी।




## एंकर को बेईमान और बेवकूफ बताकर भागे ट्रंप

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** चलो अब यहीं खत्म करते हैं। क्योंकि मेरा बस हो गया है। शुक्रिया, डार्लिंग।' इन शब्दों के साथ, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इंटरव्यू को बीच में छोड़कर चले गए। 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में धोखाधड़ी के आरोपों और कैलिफोर्निया प्राइमरी चुनाव 2026 विवाद पर एंकर से उनकी तीखी बहस हो गई। एंकर ने ट्रंप से कहा कि आरोपों के सबूत दें, इसपर राष्ट्रपति भड़क गए। एंकर क्रिस्टन वेल्कर से उन्होंने तीखी बहस की, मीडिया को बेईमान बताया और सबूत मांगने पर माइक्रोफोन उतारकर बीच में ही उठकर चले गए।

### *ट्रम्प ने भारत में बाइक चलाने का वीडियो शेयर किया*

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक एआई-जनरेटेड वीडियो शेयर किया। करीब एक मिनट के इस वीडियो में ट्रम्प कभी भारत की सड़कों पर बाइक चलाते दिखते हैं, तो कभी शेर की सवारी करते नजर आते हैं। उन्हें रेगिस्तान में ऊंट पर बैठते, पैराग्लाइडिंग करते और स्पेससूट पहनकर चांद पर अमेरिकी झंडा लगाते हुए भी दिखाया गया है।

### गजब बेइज्जती... ट्रंप ने फोन किया... फिर भी नहीं माने नेतन्याहू

# ईरान पर किए ताबड़तोड़ हमले

**सोमवार ● एजेंसी**

मिडिल-ईस्ट में एक बार फिर जंग तेज हो गई है। रविवार देर रात ईरान ने इजरायल पर हमले किए थे, जिसके जवाब में अब सोमवार तड़के इजरायल ने ईरान के कई सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर बड़ा हवाई हमला किया। इजरायल ने राजधानी तेहरान, इस्फहान, तब्रीज और पश्चिमी ईरान के कुछ दूसरे हिस्सों में मिसाइलें बरसाई हैं। लेबनान की राजधानी बेरूत से भी धमाकों की आवाजें सुनाई दी। इस हमले के बाद ईरान ने धमकी दी। होर्मुज के बाद अन्य रास्ते भी बंद कर दिए जाएंगे। इजराइल ने ये हमले उस समय किए जब ईरान के हमले के बाद ईरान में जश्न मन रहा था और जंग रुकवाने के लिए पाकिस्तान के गृहमंत्री नकवी भी ईरान पहुंचे थे।

## शेयर बाजार के साथ सोना चांदी भी गिरा

### *हमले से थर्राया शेयर बाजार*

**मुंबई।** ईरान और इजराइल के बीच फिर शुरू हुई जंग के कारण शेयर बाजार औंधे मुंह गिर गया। सेंसेक्स करीब 800 अंक की गिरावट के साथ 73463 पर कारोबार कर रहा है और निफ्टी 250 अंक से ज्यादा फिसलकर 23107 पर ट्रेड कर रहा है। चांदी के भाव भी आज 6000 गिरकर 2 लाख 42 हजार तक आ गए और सोना भी 2 हजार गिरकर 1,53 हजार 600 पर आ गया।

## फिलीपींस में तबाही वाला भूकंप

### कई इमारतें गिरीं, समुद्र में ऊंची लहरें उठीं पांच की मौत, 200 घायल

**मनीला ● एजेंसी**



फिलीपींस में आज सुबह 7.8 तीव्रता का भूकंप आया। इसके बाद फिलीपींस, इंडोनेशिया और मलेशिया के तटीय इलाकों में सुनामी की चेतावनी जारी की गई। शुरुआती रिपोर्टों के मुताबिक कई मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं और पांच लोगों की मौत हुई है, जबकि 200 से ज्यादा घायल हो गए। फिलीपींस के कुछ तटीय इलाकों में समुद्र में ऊंची लहरें उठने लगीं। भूकंप से मची भयंकर तबाही के वीडियो भी सामने आए हैं, जिनमें मलबे में तब्दील होती इमारतों से लेकर ऑफिस और स्कूल तक का खौफनाक मंजर दिखाई दे रहा है। कुछ इलाकों में घरों की दीवारें हिलीं और सामान गिरने की खबरें आईं।

## परीक्षा तक 'लॉकडाउन' में रहेंगे नीट पेपर सेटर्स!

**नई दिल्ली.एजेंसी।** शिक्षा मंत्रालय और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने नीट-यूजी 2026 की दोबारा परीक्षा के लिए अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था लागू की है। पेपर सेटर्स और ट्रांसलेटरों को लॉकडाउन में रखा गया है, जहां मोबाइल, इंटरनेट और स्मार्टवॉच पर पूरी पाबंदी है। पेपर की छपाई, पैकेजिंग और ट्रांसपोर्टेशन को टुकड़ों में विभाजित कर सुरक्षित बनाया गया है।

## आयुष को रहमान बनाने वाली चांदनी गिरफ्तार

**शामली.एजेंसी। उत्तरप्रदेश के शामली में हिन्दू युवक आयुष का धर्मांतरण कर उसका नाम रहमान रखने वाली जिम ट्रेनर पत्नी चांदनी कुरैशी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चांदनी के पिता व कुछ अन्य लोगों को भी पकड़ा गया है।**

## आज इंडिया ब्लॉक की बैठक में नहीं पहुंचेंगे आप द्रमुक

**नई दिल्ली.एजेंसी।** इंडिया ब्लॉक की आज दिल्ली में बैठक है। इस बैठक में 23 विपक्षी दलों के नेता शामिल हो सकते हैं, लेकिन आम आदमी पार्टी और द्रमुक ने इस बैठक से किनारा कर लिया है।

## दिल्ली में अकेली दिखीं ममता बनर्जी

**नई दिल्ली.एजेंसी।** बंगाल चुनाव हारने के बाद ममता बनर्जी इंडिया ब्लॉक की बैठक के लिए दिल्ली पहुंचीं, लेकिन इस बार उनके साथ तृणमूल नेताओं की भीड़ नहीं थी। एयरपोर्ट से लेकर दिल्ली स्थित बंगले तक वे अकेली नजर आईं। बंगले पर तीन-चार नेता मौजूद थे।

## जयपुर में चार मंजिला नूरानी मस्जिद पर चला बुलडोजर

**जम्मू.एजेंसी।** जयपुर के मालवीय नगर स्थित चार मंजिला नूरानी मस्जिद को आज सरकारी बुलडोजरों के जरिए जमींदोज किया जा रहा है। बुलडोजर एक्शन सुबह करीब सात बजे शुरू हुआ है। इस दौरान पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील है। मस्जिद के साथ ही चार अन्य धार्मिक स्थलों को गिराए जाने की कार्रवाई के मद्देनजर जयपुर शहर में आधी रात से ही इंटरनेट सेवाओं को 24 घंटे के लिए बंद कर दिया गया है।

## इमरजेंसी लैंडिंग के दौरान प्लेन में आग, 2 की मौत



**सोमवार.एजेंसी।** डोमिनिकन रिपब्लिक के ला रोमाना इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग की कोशिश कर रहा एक प्राइवेट जेट क्रैश हो गया। हादसे में पायलट और को-पायलट की मौत हो गई। विमान में आग भी लग गई।

## म्यूजिक कॉन्सर्ट में नशे से युवक की मौत, महिला की बिगड़ी तबीयत

**मुंबई.एजेंसी।** मुंबई के वर्ली में आयोजित एक टेक्नो म्यूजिक इवेंट उस वक्त सनसनीखेज घटना का गवाह बन गया, जब कार्यक्रम में शामिल 28 वर्षीय लॉ स्टूडेंट अचानक बेहोश होकर गिर पड़ा। उसकी मौत हो गई। वहीं एक महिला अटेंडेंट को भी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। अत्यधिक शराब सेवन की आशंका जताई जा रही है, लेकिन ड्रग एंगल को भी खारिज नहीं किया गया है।

## मतदाता सूची में अब विदेशी घुसपैठियों पर भी नजर

**नई दिल्ली.एजेंसी।** चुनाव आयोग ने मतदाता सूची पुनरीक्षण के दौरान बीएलओ को संदिग्ध विदेशी नागरिकों की पहचान कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। जांच में मामला संदिग्ध लगने पर उसे नागरिकता कानून के तहत संबंधित अधिकारियों को भेजा जाएगा। यह प्रक्रिया वोटर लिस्ट को ज्यादा सटीक और अपडेट रखने के लिए की जा रही है।

## पति से मुलाकात के लिए टावर पर चढ़ी

**बगहा.एजेंसी।** बिहार के बगहा में उस समय हड़कंप मच गया जब अपने पति से मिलने आई एक महिला नाराज होकर मोबाइल टावर पर चढ़ गई। प्रेम विवाह के बाद पति से मुलाकात न होने पर महिला ने यह कदम उठाया था।



# 130 साल पुराने जैन मंदिर को नोटिस गलत-कांग्रेस

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता आनन्द जैन कासलीवाल ने बयान जारी कर कहा कि मधुमिलन चौराहा से लेकर छावनी और जगन्नाथ धर्मशाला तक सैकड़ों दुकान, मकान पर चौड़ीकरण की आंच गिरी है और यह सभी सम्पत्तियां वैध है और इन पर विकास के नाम पर अन्यायपूर्ण और अमानवीय तरीके से कार्रवाई की गई है, विकास के नाम पर विनाश किया गया है। कासलीवाल ने कहा कि 200 से अधिक मकानों को क्षतिग्रस्त किया गया है, जो अन्यायपूर्ण और असंवेदनशील होकर जनविरोधी है। भाजपा के सांसद और क्षेत्रीय विधायक ने चुप्पी साध रखी है, पार्षद तो नदारद है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता आनन्द जैन कासलीवाल ने बताया कि अतिक्रमण की कार्रवाई के बीच



जैन समाज के 130 साल पुराने दिगम्बर जैन मंदिर छावनी को भी अतिक्रमण का नोटिस दिया गया है। धर्म की राजनीति करने वाली भाजपा को अब मंदिर भी अतिक्रमण दिखने लगे हैं। कासलीवाल ने कहा कि इस पूरे आरएनटी मार्ग से लेकर छावनी क्षेत्र के पूरे मकान प्राचीन है और लोग यहां कई पीढ़ियों से निवास कर रहे हैं। सभी के पास अपनी रजिस्ट्री है और निगम इनसे सम्पत्ति कर, जल कर, स्वच्छता कर वसूलता है। कासलीवाल ने कहा कि जो अतिक्रमण है उसे तोड़ा जाना चाहिए, लेकिन जो वैधानिक सम्पत्ति है उसे बर्बरता से नहीं तोड़ा जाना चाहिए था और तोड़ना था तो स्वीकृति लेकर मुआवजा देना चाहिए था। कई स्थानों पर 60 फीट की जगह 70 से 80 फीट तक चौड़ीकरण के लिए निर्माण तोड़े गए हैं, कई तो दुकान और मकान का अस्तित्व समाप्त हो गया है। कासलीवाल ने महापौर पुष्यमित्र भार्गव के बयान पर भी प्रश्न उठाया और कहा कि उन्होंने 100 वर्ष पुराने नक्शे प्रस्तुत करने की अपेक्षा की है, जो गलत है। कासलीवाल ने यहां तक कहा कि इस तोड़फोड़ मामले में निष्पक्ष जांच हो, मुआवजा दिया जाए, नोटिस के जवाब के पहले कार्रवाई होना भी गलत है, वैध सम्पत्ति धारकों के अधिकार की रक्षा तय की जाए।




## अहिल्या मंडल की बैठक

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

विधानसभा 3 के अंतर्गत देवी अहिल्या मंडल की मासिक बैठक विधायक कार्यालय पर आयोजित की गई। केन्द्र सरकार के 12 वर्ष अवसर पर 21 जून तक चलने वाले कार्यक्रमों को लेकर चर्चा कर आगे के अभियान की कार्ययोजना तैयार की गई। अलग-अलग कार्यक्रम के लिए अलग-अलग टोलियों का गठन भी किया गया।

## चावड़ा के हाथों हुआ सम्मान

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपालसिंह चावड़ा ने जिला भाजपा अध्यक्ष श्रवणसिंह चावड़ा, केशवसिंह भदौरिया, राजनारायणसिंह पूर्णी की मौजूदगी में राजपूत समाज धार्मिक एवं पारमार्थिक ट्रस्ट इंदौर ग्रामीण द्वारा 'महाराणा प्रताप सम्मान समारोह' में विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले समाजजनों का सम्मान किया। राजपूत समाजजनों से संवाद भी किया। माथुर सभागृह में कई गांवों से आए सैकड़ों राजपूत समाजजनों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में महाराणा प्रताप अलंकरण से 250 प्रतिभाएं, सैन्य अधिकारी और 50 बाल प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। धार से




भी राजपूत समाजजन शामिल हुए। केसरिया पताकाओं और महापुरुषों की प्रदर्शनी आकर्षण का केन्द्र रही। बनेसिंह तवर कमलेश्वरसिंह सिसोदिया, किशोरसिंह पंवार, राजेंद्रसिंह सोलंकी, राजपालसिंह सिसोदिया, उत्तमपालसिंह पूर्णी, कृष्णासिंह पटेल, अर्जुनसिंह बांगड़दा, दुलेसिंह राठौर, दिलीपसिंह पंवार, अजयसिंह पंवार, कृष्णासिंह चावड़ा, अनिलसिंह सिसोदिया, सूरजसिंह धनखेड़ी, प्रेमसिंह ढाबली, दिनेश पटेल ढाबली, मेहरबानसिंह मोथला, विक्रमसिंह तोमर, राजेंद्रसिंह चौहान बुडानिया ने अपनी भूमिका निभाई।

## खाद्य सुरक्षा जनजागरण में मौजूद रहे मंत्री




**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज मध्य प्रदेश और यारी क्वालिटी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस अवसर पर जनजागरण और प्रचार-प्रसार के कार्यक्रम का आयोजन तुलसी नगर होटल में किया गया। केन्द्र और प्रदेश सरकार द्वारा यह अभियान चलाया जा रहा है, इसी कड़ी में यह जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंत्री नारायणसिंह कुशवाह, विधायक गोलू शुक्ला, अधिकारी गौरव गोयल और औद्योगिक एसोसिएशन के योगेश मेहता की मौजूदगी में कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम जनता और खाद्य व्यवसाय से जुड़े लोगों को खाद्य सुरक्षा के मानकों के प्रति जागरूक करना तथा प्रचार-प्रसार के माध्यम से सुरक्षित खान-पान की आदतों को बढ़ावा देना है।

## राज्यसभा उम्मीदवार को दी बधाई

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** प्रदेश की तीन राज्यसभा सीटों पर नामांकन दाखिल आज किया जाना है। इन तीन में से दो सीटों पर भाजपा और एक पर कांग्रेस उम्मीदवार चुने जाने की उम्मीद है। भाजपा तीसरा उम्मीदवार भी आज उतार रही है और कांग्रेस की मीनाक्षी नटराजन उम्मीदवार राज्यसभा की है। नटराजन को भोपाल पहुंचकर कांग्रेस नेता अमन बजाज ने बधाई और शुभकामना दी।



## सांसद की मौजूदगी में 108 विद्वानों एवं भागवत का पूजन

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** बिजासन रोड स्थित हंसदास मठ पर पुरुषोत्तम मास में 108 श्रीमद भागवत एवं रामायण-पारायण अनुष्ठान में 108 विद्वानों और भागवत पूजन का आयोजन किया गया। सांसद शंकर लालवानी एवं महंत रामचरणदास महाराज, पवनदास महाराज की मौजूदगी में बडी संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं ने पूजन का आयोजन किया। विष्णु अर्चना, श्रीसूक्त के पाठ सहित विभिन्न शास्त्रोक्त अनुष्ठान का आयोजन किया गया।

## विधायक और प्रचारक ने किया दो केन्द्रों का शुभारम्भ



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, इंदौर महानगर द्वारा ग्राहकों की समस्याओं के समाधान हेतु शहर में दो स्थानों पर ग्राहक मार्गदर्शन केंद्रों का स्नेहिल वर्मा के निवास अन्नपूर्णा मंदिर के सामने तथा सहविधि प्रमुख शुभांग गाडगिल के कार्यालय गुरुनानक कॉलोनी स्थित माता वैष्णोदेवी मंदिर के पास शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में प्रचारक दीनकर सबनीस, नगर संघचालक प्रदीप अभ्यंकर, क्षेत्रीय विधायक मधु वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। तुषार दुबे, स्नेहिल वर्मा, देवेन्द्र दुबे, मुकेश कौशल, अजय रघुवंशी, प्रशांत ग्वालियरी, बहादुरसिंह राजपूत, चंद्रप्रकाश तिवारी, देवेन्द्र सिसौदिया, डीजी मिश्र, विनोद ठाकुर, मनोज पंवार, प्रकाश दौर, पृथ्वी चंदन शिव, अजित सिंह टुटेजा, संजय बत्रा, वीरेन्द्र गोयल, आलोक कुमावत, इंदु पाठक, अभीष्ट मिश्रा, हर्ष शर्मा, सौरभ त्रिपाठी, नितिन जैन, मयूर परिहार, दिनेश हार्डिया सहित अन्य मौजूद थे।

## रहवासी सौपेंगे महापौर को ज्ञापन

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** स्वच्छ पानी, पक्की सड़कों, ड्रेनेज लाइन तथा पार्किंग व्यवस्था के बिना हो रहे हॉस्टलों, होटलों एवं बहुमंजिला भवनों के अनियंत्रित निर्माण को लेकर नगर निगम के प्रति बढ़ती नाराजगी के बीच तुलसी नगर के रहवासियों ने सरस्वती मंदिर परिसर में बैठक आयोजित की। बैठक में रहवासियों ने आरोप लगाया कि नगर निगम परिषद के गठन को चार वर्ष बीत जाने के बावजूद तुलसी नगर जैसी बड़ी आवासीय कॉलोनी आज भी मूलभूत नागरिक सुविधाओं से वंचित है। क्षेत्र में सड़कों, ड्रेनेज व्यवस्था और स्वच्छ पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं का गंभीर अभाव है, जबकि नगर निगम लगातार उदासीन बना हुआ है। बैठक में सबसे प्रमुख मुद्दा कॉलोनी में गहराते जल संकट का रहा। रहवासियों ने बताया कि विभिन्न सेक्टरों में [illegible] बोरवेल सूख चुके हैं, जबकि अनेक क्षेत्रों में नर्मदा का दूषित पानी पहुंच रहा है। बार-बार शिकायतों के बावजूद नगर निगम ध्यान नहीं दे रहा है। अब तुलसी नगर की बदहाली पर नाराज रहवासी महापौर को ज्ञापन देने पहुंचेंगे और समस्या हल करने की मांग करेंगे।



फिर भी समस्या नहीं सुलझी तो आंदोलन होगा। राजेश तोमर, शिव बहादुर सिंह, के.के. झा, शंभूनाथ सिंह, संजय यादव, विवेक शर्मा, धर्मेंद्र कुमार शर्मा, राकेश जायसवाल, अमोल पाटिल मौजूद थे।

# क्लॉथ मार्केट में सालों से डटे पदाधिकारियों के नाम से बंटे पर्चे

## गुटबाजी और अंदरूनी खींचतान हावी, एक पदाधिकारी बोले-मैंने नहीं बंटवाया पर्चा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**प्रदेश के सबसे बड़े कपड़ा बाजार के व्यापारियों की संस्था की अपना एक अलग ही पहचान है। शिक्षा, स्वास्थ्य और समाजसेवा के लिए पहचाने जाने वाली संस्था में पद की लड़ाई इस कदर हावी हो गई कि पर्चावाद शुरू हो गया। चर्चा बनी हुई है कि संस्था में 4 दशकों से डटे पदाधिकारियों को अपने वृद्धावस्था में सेवा की आड़ में कौनसी मलाई मिल रही है जो संस्था की सांख पर बट्टा लगाया जा रहा है।**

क्लॉथ मार्केट मर्चेंट एसोसिएशन की शैक्षणिक और पारमार्थिक न्यास के पदाधिकारियों के चुनाव के लिए बैठक हुई। जिसमें हंसराज जैन अध्यक्ष,निर्मल सेठी मंत्री और चंद्रप्रकाश गंगवाल कोषाध्यक्ष नियुक्त हुए। इस बैठक को वर्तमान अध्यक्ष गिरधर गोपाल नागर के नाम से बंटे पर्चे में अवैधानिक बता रहे है, वही हंसराज गुट का दावा है कि उन्होंने नियमानुसार इस बैठक को कर पदाधिकारियों का चुनाव करवाया है। इस मामले में नागर और जैन के बीच तनातनी बनी हुई है। इसको लेकर नागर ने पहले एक पर्चा भी क्लॉथ मार्केट में बंटवाया। जिसके जवाब में एक पर्चा जैन ने भी बंटवा दिया। इस मामले में अब व्यापारियों का कहना है कि दोनों पदाधिकारी इस लड़ाई में यह भूल गए है कि जिस संस्था ने उन्हें शहर में पहचान दी है,उसकी सांख पर ऐसे पर्चे बांटने का क्या असर होगा।






-2-

जहाँ तक शैक्षणिक एवं पारमार्थिक न्यास का प्रश्न है यह विवाद इन लोगो के द्वारा ही पैदा किया गया है । ट्रस्ट के पदाधिकारी के चुनाव सामान्यतः प्रत्येक दो वर्ष में होते रहे है। इसके पूर्व ट्रस्ट के पदाधिकारियो का चुनाव करीब चार वर्ष नौ माह पूर्व दिनांक 9.9.2021 को कार्यकारिणी चुनाव के एक माह पूर्व ही करवाये गये थे । इसके बाद कार्यकारिणी के चुनाव दो बार एक दिनांक 05/10/2021 एवं 06/02/2024 को सम्पन्न हो चुके है लेकिन ट्रस्ट पदाधिकारी के चुनाव नही करवायेगये । मैनेश्रीमान् नागर साहब से दो तीन बार निवेदन कर कहा इस पर उन्होने हमेशा यही कहा कि बाद में करवा लेगे । दो माह पूर्व चुनाव के संबंध में फिर मैने चर्चा की तो उन्होने कहा कि बाद में देखेगे । इसके बाद ट्रस्ट के छः ट्रस्टियों द्वारा ट्रस्ट के पदाधिकारियो का चुनाव अविलम्ब करवाने का लिखित में पत्र मुझे मिला जिस पर मैने श्रीमान् नागर साहब से चर्चा कर मिटिंग बुलाने हेतु जानकारी दी एवं विधिवत नियमानुसार ट्रस्ट की मिटिंग दिनांक 26 मई 2026 को रखी गई जिसका एजेंडा सभी ट्रस्टियों को भेजा गया । श्रीमान् नागर साहब एवं श्रीमान् सत्यनारायण जी सारड़ा ने एजेंडा प्राप्त किया पर उनके साथियों ने दो बार भेजने के बावजूद एजेंडा लेने से इंकार किया उसके बाद उन्हे व्हाटसअप पर भी मिटिंग की सूचना दी गई तथा दिनांक 26 मई 2026 को विधिवत मिटिंग सम्पन्न की गई जिसमें विधि अनुसार पदाधिकारियो का सर्वानुमति से चयन किया गया । इस पर श्रीमान् नागर साहब एवं उनके सहयोगियो द्वारा ट्रस्ट के बैंक खातो पर रोक लगाने के लिए बैंको को पत्र दिया गया जो कि उचित नही था ।

जहाँ तक हॉस्पिटल का सवाल है सभी पदाधिकारियो ने अपनी सेवाऐ हमेशा एवं कोविड के समय भी प्रदान की है । कोविड के समय ही हॉस्पिटल में करीब दस हजार स्क्वेयर फीट का नया निर्माण जिसमें वर्तमान में ओपीडी भवन चल रहा है किया गया था। हॉस्पिटल को यहाँ तक पहुँचाने में हमारे वरिष्ठ लोगो ने एवं कपड़ा मार्केट के सभी सदस्यों ने बढ़ चढ़कर अपना योगदान किया है । नये लोगो ने जन सहयोग लाकर जो भी कार्य किया है उसके लिए वे धन्यवाद के पात्र है ।

मुझे कपड़ा मार्केट के व्यापारी, दलाल, एजेंट, गुमास्ता एवं हम्माल बंधुओ का प्रारंभ से आज तक पूरा आर्शिवाद एवं सहयोग मिलता रहा है । आज तक मेरा किसी से कोई विवाद नही हुआ है। आप सभी का अटूट विश्वास ही मेरे जीवन की सबसे बड़ी पूँजी है तथा कपड़ा मार्केट द्वारा ही मुझे पूरे शहर मे पहचान प्राप्त हुई है। मेरे लिए संस्था का हित ही सर्वोपरि है ।

भवदीय
आप सभी का स्नेहाकांक्षी
हंसराज जैन



अब तक सब कुछ व्यवस्थित रूप से चल रहा था, किंतु अचानक 3 दिन पूर्व कुछ ऐसे घटनाक्रम सामने आए जिन्होंने अनेक प्रश्न खड़े कर दिए। संस्थाए कार्य करने से ज़्यादा मज़बूत होंगी या संविधान,परंपराओं व मर्यादाओं को त्याग कर उन पर अपना अधिपत्य जमाने से मज़बूत होंगी ।हम सभी को इस पर गंभीरता से चिंतन करने की ज़रूरत है।

बिना अध्यक्ष की जानकारी के ट्रस्ट की बैठक आहूत करना सभी न्यासियों की अनुपस्थिति में कुछ अपने हित पूर्ति करने वाले लोगों की उपस्थिति में अपनी मनमर्जी से स्वयं को एवं अपने लोगों को पदाधिकारी बना लेना कहा तक न्यायोचित है ।अब तक परंपरा रही है कि एसोसिएशन का कार्यकाल पूर्ण होने के पश्चात नई कार्यकारिणी के गठन के साथ ही नये पाँच ट्रस्टी एसोसिएशन से मनोनीत किए जाते है, तत्पश्चात ट्रस्ट की बैठक आयोजित होती है। किन्तु इस बार किसी निहित उद्देश्य के तहत इस प्रक्रिया से हटकर कार्यवाही की गई। एसोसिएशन चुनाव हेतु चुनाव अधिकारी नियुक्ति संबंधी पत्र जारी करने के बाद बैठक बुलाना, तथा स्वयं मेरे ( न्यास अध्यक्ष ) एवं पाँच ट्रस्टियों द्वारा आपत्ति स्वरूप पत्र देकर ऐसी बैठक में सम्मिलित न होने की सूचना देने के बावजूद बलपूर्वक बैठक आयोजित कर अपने मन मुताबिक निर्णय लेना और उसे समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं चिंताजनक है।

मैने कई बार व्यक्तिगत चर्चा में ज़ोर देकर हंसराज जी से हमेशा कहा कि अब आपको एवं मुझे स्वयं को दोनों को पदो से मुक्त होकर नये उर्जावान साथियों को महत्वपूर्ण पदों की ज़िम्मेदारी देना चाहिए।लेकिन उन्होंने इसे मान्य नही किया शायद उनके मन कुछ ओर था ।इस पूरे घटनाक्रम को लेकर संस्था की गरिमा, नैतिक मूल्यों और पारदर्शिता को बनाए रखने की जो ज़िम्मेदारी हमें हमारे वरिष्ठो ने हमें दी थी क्या हमने उससे न्याय किया।व्यक्ति से बड़ी संस्था होती है हमें हमेशा इस का ख़याल रखना चाहिए ।

मैं आप सभी से अपेक्षा करता हूँ कि आप इस विषय की वास्तविकता को समझे और यह जानने का प्रयास करे कि इस प्रकार की अनैतिक कार्यवाही क्यों और किन उद्देश्यों से की गई।कहीं न्यास पर अवैधानिक अधिपत्य जमाना एक शुरुआत भर तो नहीं आगे यही कोशिश एसोसिएशन की अन्य संस्थाओं पर भी हो सकती है ।

आपकी जागरूकता और सहयोग से न केवल मुझे, बल्कि संस्था के विकास और सेवा कार्यों में समर्पित पूरी टीम को हतोत्साहित होने से बचाया जा सकेगा तथा संस्था की गरिमा और प्रगति निरंतर बनी रहेगी।

आपका
गिरधर गोपाल नागर
अध्यक्ष
क्लाथ मार्केट शैक्षणिक एवं पारमार्थिक न्यास

उल्लेखनीय है कि जैन और नागर संस्था के पुराने पदाधिकारी है। दोनों के बीच वर्चस्व की लड़ाई का नतीजा यह हुआ कि पर्चे बंटवाए जा रहे है।

### नागर ने बांटा काम का चिट्ठा

इस मामले में क्लाथ मार्केट न्यास के अध्यक्ष पद पर काम करने वाले गिरधर गोपाल नागर के नाम से कपडा मार्केट में एक पर्चा बंटा। नागर ने इसमें जिक्र किया कि उन्होने हंसराज जैन से बात भी की थी कि अब हम दोनों को पदों से मुक्त होकर ऊर्जावान साथियों को जिम्मेदारी देना चाहिए। उन्होने यह भी कहा कि न्यास ट्रस्टियों ने आपत्ति भी ली थी और बैठक में सम्मिलित ना होने की सूचना भी दी थी। फिर भी बैठक आयोजित की गई। हालाकि इस मामले में जब नागर से बात की गई तो उन्होने कहा कि वे फिलहाल किसी पारिवारिक कारणों से बात नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि पर्चा मैंने नहीं बंटवाया।

### जैन ने गुटबाजी को बताया विवाद का कारण

हंसराज जैन के नाम से जो पर्चा कपडा मार्केट में बांटा गया उसमें उन्होने किए गए कार्यों का ब्यौरा भी दिया गया। साथ ही साथ ही संस्था के उन सदस्यों द्वारा गुटबाजी, पैनलबाजी तथा मनमर्जी का आरोप लगाते हुए उसे विवाद का कारण बताया। इस मामले में हंसराज जैन ने बताया कि मेरे द्वारा बांटा गया पर्चा नागर के पर्चे के जवाब के रूप में बंटा है। उन्होने कहा कि हमने वैधानिक रूप से चुनाव करवाए है। नागर बीते कई सालों से चुनाव करवाना नहीं चाह रहे थे।

### घट गए सदस्य

कपड़ा मार्केट संस्था का स्तर प्रदेश की नंबर वन संस्थाओं में रहा है। कई वरिष्ठ समाजसेवियों का इसमें पसीना लगा हुआ है। वे सालों पहले ऐसे तालमेल से सेवाकार्य करते थे,की ज्यादातर चुनाव निर्विरोध हो जाया करते थे। लेकिन अब संस्था के पदाधिकारियों में गुटबाजी साफ नजर आने लगी है। इसके कारण व्यापारियों का रुख संस्था की ओर कम हो गया। इसलिए बीते कुछ वर्षों में संस्था के सदस्य भी कम हुए है।

# भाजपाई-संघ विवाद में कांग्रेसियों की चुप्पी

## विधानसभा प्रभारी से मुक्त, लेकिन भाजपा से बाहर नहीं हो इसकी कोशिश

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

भाजपा विधानसभा 4 प्रभारी वीरेन्द्र शेंडगे के संघ कार्यकर्ता से हुए विवाद के बाद मामला कल भोपाल पहुंचा था और भोपाल से ताबड़तोड़ प्रदेश भाजपा ने विधानसभा प्रभारी से हटाने के साथ कारण बताओ नोटिस भी शेंडगे को जारी किया है। भाजपाई और संघ विवाद में बहुत कुछ घटनाक्रम घट गया। कल दोपहर बाद से यह घटनाक्रम काफी चर्चा में बना रहा, जबकि घटना शनिवार की शाम से शुरू होकर रात तक चलती रही। इधर इस मामले में विधानसभा 4 से जुड़े कांग्रेसियों की निगाह तो बनी रही, लेकिन पूरे घटनाक्रम पर कांग्रेस ने चुप्पी भी साधे रखी। इधर बताया जा रहा है कि वीरेन्द्र शेंडगे पद से मुक्त तो हो गए हैं, लेकिन उन्हें भाजपा से बाहर का रास्ता नहीं मिले इसके प्रयास भी शुरू हो गए हैं। इधर विधायक के पीए प्रणय चित्तोड़ा ने कल शाम महेश्वर से लौटते हुए हाईवे पर वीडियो बनाकर कहा कि वे इस घटनाक्रम में नहीं थे, वे शनिवार की शाम के पहले ही महेश्वर निकल गए थे और उनका नाम आरोपी के रूप में गलत आया है। कुल मिलाकर भाजपा नेता और संघ कार्यकर्ता के बीच का विवाद सुर्खियों में बना रहा, पथराव की घटना, कांच फूटने और इसी घटनाक्रम में महिला के बीमार होने को लेकर भी मामला चर्चा में बना हुआ है। आज सुबह क्षेत्र में संघ की शाखा भी लगी, जहां भी इस मुद्दे पर चर्चा चलती रही। कार्यकर्ताओं ने कहा कि जो कुछ होना था हो चुका है और कार्रवाई भी पूरी हो चुकी है, अब हमारा कोई लेना-देना नहीं है, लेकिन घटनाक्रम इंदौर से भोपाल संघ और भाजपा के वरिष्ठों के पास भी पहुंचा है।





### कोचिंग पर पथराव के दौरान कोई नहीं था

भाजपा नेता वीरेन्द्र शेंडगे के घर पर किराये से लीडर्स कोचिंग श्रीराज भूतड़ा संचालित कर रहे हैं। रविवार दोपहर यहां पालकों की काउंसलिंग चल रही थी, विवाद के बाद जब पत्थरबाजी हुई उसके आधे घंटा पहले ही यहां से पालक और विद्यार्थी निकले चुके थे। यह तो गनीमत है कि कोई भी वहां विद्यार्थी मौजूद नहीं था। श्रीराज भूतड़ा ने बताया कि उन्होंने किसी तरह का आवेदन थाना में नहीं दिया है।

## शिल्पी प्रकोष्ठ में सेन की नियुक्ति



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, संगठन महामंत्री संजय कामले की सहमति से प्रदेश केश शिल्पी प्रकोष्ठ कांग्रेस में प्रदेश अध्यक्ष रामबाबू श्रीवास ने प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष पद पर सचिन सेन की नियुक्ति की। चिंटू चौकसे, विपिन वानखेड़े, नीलेश सेन शेलू, जीतू दीवान सहित अन्य ने बधाई दी है।

## भाजपाइयों-कांग्रेसियों की निगाह भोपाल पर टिकी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** प्रदेश की तीन राज्यसभा सीटों में भाजपा तीनों ही सीटों पर प्रत्याशी खड़े कर रही है। दो सीट भाजपा के लिए सुरक्षित है और तीसरी सीट पर कांग्रेस कुछ विधायकों के साथ भारी है। कांग्रेस की गुटबाजी का लाभ भाजपा को मिले इसलिए भाजपा ने अपना तीसरा उम्मीदवार मछुआ कल्याण बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष महेश केवट का नाम तय किया है। आज नामांकन दाखिल हो रहे हैं। प्रदेश के साथ इंदौरी कांग्रेसी और भाजपाइयों की निगाह इस राज्यसभा सीट पर टिकी हुई है। भाजपाइयों का दावा है कि खेला होगा और तीसरी सीट भी भाजपा जीतेगी। इधर कांग्रेसी कह रहे हैं कि वर्तमान परिस्थिति में कोई भी कांग्रेसी कांग्रेस के खिलाफ वोट नहीं डालेगा, इसलिए कांग्रेस की उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन राज्यसभा चुनाव जीतकर सांसद बनेगी। कांग्रेसियों का कहना है कि हम भाजपा का खेला फेल कर देंगे। दोनों ही दल के वरिष्ठ नेता, विधायक भोपाल में डेरा डाले हुए हैं।

# 500 लीटर पानी के लिए हर सुबह जोन पर लग रही लाइन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

## एक दिन पहले लगाना पड़ रहा पानी के लिए जोन कार्यालय पर नंबर

**शहर में बढ़ते जल संकट के बीच अब हालात ऐसे हो गए हैं कि लोगों को मात्र 500 लीटर पानी पाने के लिए जोन कार्यालय के बाहर लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि पानी के टैंकर की बुकिंग के लिए नागरिकों को एक दिन पहले ही जोन कार्यालय पहुंचकर नंबर लगाना पड़ रहा है। पहली बार जोन कार्यालय के बाहर पानी के लिए इतनी बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ और लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं।**

बीते दो माह से यह स्थिति बनी हुई है, लोगों को सुबह 9 बजे से यहां लाइन लगानी होती है, इसके बाद उनका पता, वार्ड नंबर और फोन नंबर नोट कर संबंधित टैंकर संचालक को बता दिया जाता है। सोमवार सुबह जोन कार्यालय के बाहर बड़ी संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग और युवा अपनी बारी का इंतजार करते दिखाई दिए। कई लोगों ने बताया कि यदि समय पर नंबर नहीं लगाया जाए तो अगले दिन पानी मिलने की संभावना बेहद कम हो जाती है। बढ़ती गर्मी और घटते जलस्तर के कारण कई कॉलोनियों में नियमित जलापूर्ति प्रभावित हो रही है, जिससे नागरिकों की परेशानी बढ़ गई है। एड्रेस और वार्ड नोट करने के बाद सबके एरिया के अनुसार जिस वार्ड में जो टैंकर चल रहा होता है उसको यह सूची दे दी जाती है, इसके बाद 6000 लीटर वाला टैंकर जल वितरण के लिए निकलता है। रहवासी बताते हैं कि टैंकर वाले कभी-कभी 500 लीटर

### पहली बार जोन कार्यालय पर दिखाई दे रही पानी के लिए लंबी कतारें

की जगह 300 लीटर पानी ही देते हैं बाकी पानी बचते हैं यह शिकायत पार्षदों तक भी पहुंची है। ऐसा उन लोगों के साथ किया जा रहा है जो अक्सर पानी के लिए एक-दो दिन बाद नंबर लगा देते हैं। टैंकर संचालक रहवासियों के हिस्से का पानी बचाकर निजी संस्थानों में डाल आते हैं। 6000 लीटर पानी के टैंकर में से 1500-2000 लीटर पानी प्रतिदिन बचाया जा रहा है।

स्कीम नंबर 78 के निवासी राजेश वर्मा ने बताया कि उन्हें सुबह 8 बजे से कतार में खड़ा होना पड़ा। उनके अनुसार, '500 लीटर पानी से पूरे परिवार की जरूरतें मुश्किल से पूरी हो पाती हैं। पानी लेने के लिए एक दिन पहले नंबर लगाना पड़ रहा है, जो बेहद परेशान करने वाली स्थिति है।'

राजमोहल्ला निवासी सीमा तिवारी ने कहा कि पिछले दो माह से उनके क्षेत्र में पानी की आपूर्ति अनियमित हो गई है। 'घर के दैनिक कामकाज के लिए पानी की भारी कमी से परेशान है। जोन कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं और कई बार घंटों इंतजार के बाद भी नंबर नहीं मिल पाता,' उन्होंने बताया। नगर निगम जोन क्रमांक 7 पर खड़े अशोक सोनी ने कहा कि पहले कभी ऐसी स्थिति नहीं देखी गई। 'पहली बार पानी के लिए इतनी लंबी कतारें दिखाई दे रही हैं। लोग सुबह से लेकर दोपहर तक लाइन में खड़े रहते है रहवासियों का कहना है कभी-कभी टैंकर जिससे समस्या और अधिक बढ़ जाती है, बोरिंग सूखे हुए हैं अभी तक पानी नहीं आया।। वाटर रिचार्जिंग नहीं करने वालों पर पेनल्टी लगाई जानी चाहिए। इस साल की परेशानी को देखते हुए अगले वर्ष के लिए हमें तैयार रहना चाहिए। दूसरी ओर, जोन कार्यालय के अधिकारियों का कहना है कि बढ़ती मांग के कारण दबाव बढ़ा है और उपलब्ध संसाधनों के अनुसार पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है। टैंकर की संख्या भी बढ़ाई गई है, 650 टैंकर संचालित किए जा रहे हैं, इसके बावजूद भी डिमांड बढ़ती जा रही है।

# लालवानी ने चलाया टैंकर और मिल गई 10 की सौगात

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

## जिले की तीन विधानसभाओं के ग्राम पंचायत के लिए 10 पेयजल टैंकरों को किया रवाना

वैसे तो गर्मी इस बार मार्च से शुरू हो गई थी और जल संकट ने अप्रैल से ही मुंह समस्या का खोल दिया था। शहर में समस्या जल की ज्यादा थी लेकिन जिले की चारों विधानसभाओं के कई क्षेत्रों में भी मुंह फाडे समस्या खडी थी और लोग पानी मांग रहे थे। अब जब मानसून का बरसाती सीजन समीप है, शहर और जिले में 1 इंच बरसात भी हो चुकी है और अब सांसद शंकर लालवानी ने राऊ, देपालपुर एवं सांवेर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायतों के लिए 10 पेयजल टैंकरों को रवाना किया इसमें भी महत्वपूर्ण बात यह रही कि जब 10 टैंकर रवाना हो रहे थे उस समय सांसद खुद टैंकर चालक की सीट पर बैठे और टैंकरों को रवाना किया। लालवानी ने कहा कि गर्मी के मौसम में कई ग्राम पंचायतों में जलस्तर घटने के कारण पेयजल की समस्या उत्पन्न होती है। ऐसे समय में ग्रामीण नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए संसदीय क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में लगातार स्थिति पर नजर रखी जा रही है। आवश्यकता वाले क्षेत्रों में तत्काल पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है तथा प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर राहत कार्यों को गति दी जा रही है। मोहनसिंह कछावा, रामस्वरूप गहलोत, दिलीप पटेल, विक्रमसिंह रोजड़ी, राजेन्द्र पटेल, महेन्द्र सिंह ठाकुर, गोपाल कटेसरिया, अजय आहुजा, दिलीप पटेल मौजूद थे।

# पिता की डांट से नाराज युवक फांसी पर झूला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

**शहर के हीरा नगर थाना क्षेत्र में पिता द्वारा शराब पीने की बात पर डांटने से नाराज होकर एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। देर रात जब युवक की बहन छत से टहलकर नीचे लौटी, तब वारदात का खुलासा हुआ। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।**

हीरानगर थाना इलाके के सूरज नगर का रहने वाला अनिल पिता लक्ष्मण (26) रोलिंग मिल में मजदूरी करता था। अनिल को शराब पीने की लत थी, जिसे लेकर अक्सर घर में विवाद होता था। बीती रात भी अनिल अत्यधिक शराब पीकर घर लौटा था। बेटे को इस हालत में देखकर पिता लक्ष्मण ने उसे कड़ी फटकार लगाई और सुधरने की नसीहत दी।पिता की डांट से क्षुब्ध और नाराज होकर अनिल अपने कमरे में चला गया। उस वक्त परिवार के अन्य सदस्य अपने कामों में व्यस्त थे। देर रात अनिल की बहन जब छत पर टहलने के बाद नीचे आई और भाई के कमरे की ओर गई, तो उसने अनिल को फंदे पर लटका हुआ पाया। बहन की चीख सुनकर परिवार के अन्य लोग भी मौके पर पहुंचे और तुरंत पुलिस को सूचना दी।

# 10 टैंकर से तीन विधानसभाओं में क्या होगा -कांग्रेस

## आम्बेडकर नगरी महू में भी है दिक्कत

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन महामंत्री डॉ. दौलत पटेल ने कल सांसद शंकर लालवानी द्वारा तीन विधानसभाओं के लिए 10 टैंकर रवाना कराने पर तंज कसा और कहा कि सांसद को यह सब पहले करना चाहिए था जब पानी का संकट शुरू हुआ था। उनकी लोकसभा में तीन विधानसभा लग रही है और यह विधानसभाएं भी फैली हुई है। इन तीनों विधानसभाओं में पानी के लिए कई क्षेत्रों में परेशानी बनी हुई है। सांसद निधि के अलावा प्रशासन से भी सांसद और अधिक टैंकर लगवा सकते थे। केन्द्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार है और सत्तारुढ़ सांसद ने इस गंभीर जल संकट के दौरान तीन विधानसभाओं में 10 टैंकर दिए, जो ऊंट के मुंह में जीरा के बराबर है। इन तीन विधानसभाओं में पानी के कई क्षेत्रों में संकट है यही स्थिति आम्बेडकर नगरी महू विधानसभा की भी है। वह बात अलग है कि वहां की सांसद केन्द्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर है, लेकिन यह विधानसभा लगती तो इंदौर जिला में हैं। इसलिए इंदौर के सांसद को धार की सांसद से बात कर वहां की व्यवस्था की भी जिम्मेदारी रखना चाहिए। महू विधानसभा भी फैली हुई है और यहां भी कई क्षेत्रों में पानी की समस्याएं हैं। सांसद को चाहिए कि तत्काल हर विधानसभाओं में कम से कम 20-20 टैंकर पहुंचवाएं और टैंकर पहुंचाने में दिखावा नहीं करें, जैसा कल उन्होंने टैंकर की चालक सीट पर बैठकर अपना चित्र प्रमुखता से खिंचवाया यह सब इसलिए ठीक नहीं है क्योंकि जनता ने वोट देकर जनप्रतिनिधि चुना है और जनप्रतिनिधि का दायित्व है कि जनसमस्या पर वे साथ खड़े रहे।

# रेसीडेंसी क्षेत्र में रेडियो कॉलोनी गेट से सर्किट हाउस गेट तक सौंदर्यीकरण होगा

## कलेक्टर बंगले से लेकर रेसीडेंसी मुख्य प्रवेश द्वार तक संवरेंगे फुटपाथ



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** रेसीडेंसी क्षेत्र में सौन्दर्यीकरण और साज-सजावट के अंतर्गत रेडियो कॉलोनी गेट से लेकर सर्किट हाउस गेट तक के फुटपाथ सवारने की तैयारी शुरू हो गई है। जिसके अंतर्गत रेसीडेंसी प्रबंधन द्वारा कलेक्टर बंगले के सामने से लेकर रेसीडेंसी मेनगेट के मुख्य प्रवेश द्वार के बाहर तक फुटपाथ के पुराने ब्लाक उखाड़कर नए ब्लाक लगाने का काम शुरू कर दिया है।

पहले यातायात पार्क के सामने फुटपाथ संवारने का काम किया था जिसके अंतर्गत रेसीडेंसी क्षेत्र के मेनरोड पर रेडियो कॉलोनी गेट से लेकर रेसीडेंसी सर्किट हाउस गेट तक सालों पुराने टूटे-फूटे ब्लॉक उखाड़ कर नए ब्लॉक लगाकर आकर्षक फुटपाथ तैयार करने का काम तेजी से शुरू कर दिया है ताकि आने वाले दिनों में यहां से गुजरने वालों को नवीन फुटपाथ के साथ इस मार्ग पर सुंदरता नजर आए। गौरतलब है कि इससे पहले निगम द्वारा रेसीडेंसी क्षेत्र में पानी की टंकी के सामने स्थित मुख्य मार्ग पर फुटपाथ संवारने का काम किया था। जिसके अंतर्गत न्यायाधीशों के बंगलो के सामने और एमपीपीएससी के अफसरों के बंगलो के सामने तक फुटपाथ सवारने के लिए नए ब्लॉक लगाए गए थे। वही अब कलेक्टर के बंगले के सामने से लेकर रेसीडेंसी कोठी सर्किट हाउस के सामने वाले गेट तक के बड़े हिस्से में सालों पुराने ब्लॉक उखाड़ कर नए ब्लॉक लगाकर नवीन फुटपाथ का निर्माण किया जा रहा है।

# कांग्रेस का तंज महापौर कब लगाएंगे जन चौपाल

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी दिव्यांग प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव नरसिंह कुण्डलवाल ने बताया कि महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने 22 झोनों के सभी 85 वार्डों में जनता की समस्याओं को जानने के लिये जनचौपाल नाम से सम्पर्क करने का कार्यक्रम बनाया था। कुछ वार्डो में तो सब कुछ ठीक चला परन्तु महापौर के गृह वार्ड में ही एक महिला ने समस्याओं की झड़ी लगा दी। यह महिला कोई और नहीं बल्कि इनकी ही पार्टी विधायक की बहू थी जिसका वीडियो सोश्यल मीडिया पर वायरल हुआ उसके बाद महापौर ने अपने अगले कार्यक्रम ही रद्द कर दिये। मेरे वार्ड क्रमांक 72 की दशहरा मैदान, निचली बस्ती जो पिछले 15 माह से खुदी हुई पड़ी हैं। इसलिये मैंने भी रहवासियों को आश्वासन दें दिया कि जब महापौर 85 वार्डो की घोषणा के मुताबिक फिर से चौपाल लगाकर जनसमस्या सुनेंगे और महावर नगर सहित अन्य क्षेत्रों में भी चौपाल लगाएंगे तो यहां समस्याए इतनी है कि निगम समस्या ही हल नहीं करवा पाता है।

# ब्रिक्स सम्मेलन में आने वाले मेहमानों के लिए रास्ते को सजाया
## सड़क पर निगम ने करवाई पेंटिंग, तो राजवाड़ा के बगीचे का हुआ रंग रोगन





इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

ब्रिक्स देशों के कृषि सम्मेलन के आयोजन के लिए इंदौर में तैयारी पूरी हो गई है। यह सम्मेलन कल से आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन के लिए नगर निगम के द्वारा जिन रास्तों से मेहमान गुजरेंगे उन रास्तों को सजाया जा रहा है। निगम ने सड़क पर पेंटिंग कर दी है तो राजवाड़ा के बगीचे का भी रंग रोगन कर दिया गया है।

ब्रिक्स देशों के प्रतिनिधि आज इंदौर पहुंच जाएंगे। इन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कल से 13 जून तक इंदौर में सम्मेलन का आयोजन किया जाना है। इस आयोजन में विभिन्न देशों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। यह प्रतिनिधि अपनी होटल से आयोजन स्थल तक तो आना-जाना करेंगे ही सही। इसके साथ ही इन प्रतिनिधियों को ढक्कनवाला कुआं चौराहा पर स्थित ग्रामीण हाट बाजार, शहर के हृदय स्थल राजवाड़ा और चाट के लिए सबसे बेहतर समझे जाने वाले स्थान 56 दुकान पर ले जाया जाएगा।

इन प्रतिनिधियों के शहर के अंदर की होने वाली इस यात्रा को देखते हुए इंदौर नगर निगम के द्वारा पूरे एम आर 10 पर और एमजी रोड पर पलासिया चौराहा से लेकर हुकुमचंद घंटाघर तक के क्षेत्र में सड़क पर थर्मोक्लास पेंटिंग करवाई गई है ताकि इस मार्ग से जब यह अतिथि गुजरे तो उन्हें या महसूस हो कि इंदौर एक विकसित शहर है। इसके अलावा नगर निगम के द्वारा ग्रामीण हाट बाजार के बाहर पेवर ब्लॉक निकलवा कर उन्हें सफाई करवा कर फिर से लगाया जा रहा है। यहां पर पेवर ब्लॉक ऊंचे-नीचे हो गए थे। उन्हें सही और व्यवस्थित करने का काम किया गया है। इसके अतिरिक्त इन अतिथियों के राजवाड़ा पर आगमन को ध्यान में रखते हुए राजवाड़ा के सामने स्थित बगीचे का रंग रोगन कराया गया है।

इन सारे कार्यों को करते हुए नगर निगम के द्वारा अपनी तैयारी को अंतिम रूप दे दिया गया है। कल रविवार के दिन भी नगर निगम के अधिकारियों के द्वारा इन सभी स्थानों का दौरा करते हुए अपनी तैयारी को एक बार फिर देख लिया गया। निगम के अधिकारियों का कहना है कि



हमारे स्तर पर सभी तैयारी पूरी हो गई है अब इन मेहमानों के स्वागत के लिए शहर तैयार है। इस आयोजन की सारी तैयारी की कमान कलेक्टर शिवम वर्मा के हाथ में है। कलेक्टर के द्वारा हर दिन मॉनिटरिंग करते हुए इन तैयारी को अंजाम तक पहुंचाया गया है।




## हनुमानजी का मंदिर नहीं हटने देंगे भंडारे और आरती के साथ एकजुट हुए रहवासियों ने जताया विरोध

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

पंचशील कॉलोनी, गली क्रमांक 4 मूसाखेड़ी स्थित हनुमान मंदिर को बचाने के लिए क्षेत्र के रहवासी एकजुट हुए और मंदिर को हटाए जाने की आशंका के बीच स्थानीय लोगों ने 'मंदिर बचाओ समिति' का गठन कर स्पष्ट कर दिया है कि वे किसी भी कीमत पर अपने आराध्य स्थल को हटने नहीं देंगे। रहवासियों के अनुसार जिस भूमि पर वर्तमान में हनुमान मंदिर बना हुआ है, वह भूमि करीब तीन वर्ष पूर्व 2023 में मंदिर निर्माण के उद्देश्य से दान की गई थी। मंदिर में विधिवत प्राण प्रतिष्ठा भी संपन्न हुई थी। इस मुद्दे पर भंडारा और हनुमानजी की महाआरती का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे क्षेत्र में जयघोष गूंजते रहे। श्रद्धालुओं ने मंदिर की रक्षा का संकल्प लेते हुए कहा कि यह केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि क्षेत्र की आस्था, संस्कृति और सामाजिक एकता का प्रतीक है। मंदिर बचाओ समिति सदस्यों ने कहा कि वे प्रशासन के समक्ष अपना पक्ष मजबूती से रखेंगे और कानूनी तथा लोकतांत्रिक तरीके से मंदिर की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेंगे। उनका कहना है कि क्षेत्र के लोगों की भावनाओं से जुड़े इस मंदिर को हटाने का कोई भी प्रयास स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## कलेक्टर ने ब्रिक्स सम्मेलन को लेकर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। ब्रिक्स कृषि सम्मेलन 9 से 13 जून तक इंदौर में आयोजित किया जा रहा है। इस बड़े आयोजन के लिए कलेक्टर शिवम वर्मा खुद तैयारी करवा रहे हैं और दिशा-निर्देश भी दे रहे हैं। बैठक में वरिष्ठ अधिकारी कुमार पुरुषोत्तम, निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, प्राधिकरण सीईओ डॉ. परीक्षित झाड़े, रोहित सिसोनिया की मौजूदगी में तैयारियों को लेकर मंथन किया गया। सभी विभाग आपस में समन्वय बनाए। स्वच्छता, पेय जल, विद्युत, चिकित्सा, सुरक्षा, यातायात प्रबंधन सुविधा सुनिश्चित हो।



## छोटे व्यापारी संकट में, बाजारों की रौनक गायब
### अब ठोस आर्थिक हस्तक्षेप की आवश्यकता-अक्षय जैन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने वाला छोटा, मझला एवं फुटकर व्यापारी वर्ग आज अभूतपूर्व आर्थिक दबाव के दौर से गुजर रहा है। एक समय शहरों और कस्बों के बाजार जहां ग्राहकों की भीड़, खरीदी की ऊर्जा और व्यापारिक उत्साह से गुलजार रहते थे, वहीं आज अनेक बाजारों में सन्नाटा, चिंता और अनिश्चितता का वातावरण दिखाई दे रहा है।

भारतीय उद्योग मंडल के महामंत्री अक्षय जैन ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि देश का पारंपरिक व्यापार लगातार कई मोर्चों पर संघर्ष कर रहा है। बढ़ती महंगाई, उपभोक्ताओं की सीमित खर्च क्षमता, नगदी प्रवाह में कमी, बढ़ते संचालन खर्च और ऑनलाइन कारोबार की असंतुलित प्रतिस्पर्धा ने छोटे व्यापारियों की स्थिति कमजोर कर दी है। उन्होंने कहा कि छोटा व्यापारी केवल दुकान नहीं चलाता, बल्कि लाखों परिवारों की आजीविका, स्थानीय रोजगार और सामाजिक आर्थिक संतुलन की महत्वपूर्ण कड़ी भी है। यदि बाजार कमजोर होंगे तो इसका सीधा असर रोजगार, उत्पादन, उपभोग और शहरों की आर्थिक गति पर पड़ेगा। महामंत्री अक्षय जैन ने कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि शासन ऑनलाइन कारोबार विशेषकर नीति एवं नियंत्रण प्रणाली को प्रभावी रूप से लागू करे। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म द्वारा भारी छूट, असमान कर ढांचा और अनियंत्रित व्यापारिक मॉडल के कारण पारंपरिक खुदरा व्यापारी असमान प्रतिस्पर्धा का सामना कर रहा है। उन्होंने मांग की कि शासन ऑनलाइन कारोबार पर लागू कर पारंपरिक बाजारों की सुरक्षा सुनिश्चित करे ताकि छोटे व्यापारियों को समान अवसर प्राप्त हो सकें। साथ ही सरकार को छोटे एवं फुटकर व्यापारियों के लिए विशेष आर्थिक ऋण पैकेज, आसान ब्याज दरों पर कार्यशील पूंजी तथा राहत योजनाओं की घोषणा करनी चाहिए जिससे व्यापारिक गतिविधियों में नई ऊर्जा आ सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थिति में कई छोटे दुकानदार किराया, बिजली बिल, कर्मचारियों का वेतन और दैनिक संचालन खर्च तक निकालने में कठिनाई महसूस कर रहे हैं। त्योहारों और विवाह सीजन में भी अपेक्षित व्यापार नहीं होना बाजार की कमजोर स्थिति को स्पष्ट दर्शाता है।

# सुदामा नगर में पेड़ पर झूल रहे हैं तार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**ना तो बिजली कंपनी का ध्यान है, ना निगम को चिंता**

सबसे बड़ी कॉलोनी के रूप में पहचाने जाने वाले सुदामा नगर में सालों पुराने बड़े-बड़े पेड़ पर बिजली के तार झूलते हुए नजर आ रहे हैं। इस स्थिति की चिंता ना तो बिजली कंपनी के द्वारा की जा रही है और ना ही नगर निगम के द्वारा। ऐसे में बारिश के मौसम में यह स्थिति खतरनाक हो सकती है।

सुदामा नगर सेक्टर ई में मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की बिजली की जो लाइन जा रही है वह पेड के ऊपर से खतरनाक रूप में जा रहीं हैं। यह पेड़ कई सालों पुराने हैं। यही कारण है कि पेड़ लंबा चौड़ा और ऊंचा पूरा हो गया है। इस पेड़ के ऊपर से बिजली की लाइन जाने के कारण बारिश के मौसम में कभी भी समस्या का कारण बन सकता है। इसके चलते हुए कभी भी कोई बड़ा हादसा भी हो सकता है। बिजली कंपनी के द्वारा सारे शहर में मेंटेनेंस का काम करते हुए लगातार पावर कट किया जा रहा है। इस मेंटेनेंस के दौरान बिजली कंपनी के अधिकारियों को सुदामा नगर में पैदा हो रही इस गंभीर स्थिति की तरफ ध्यान नहीं जा रहा है। नगर निगम के द्वारा भी लगातार पेड़ों की छंटाई का काम किया जा रहा है लेकिन निगम की टीम का ध्यान भी इस तरह के पेड़ पर से जा रहे तार पर नहीं जा रहा है।

सुदामा नगर के रहवासियों के द्वारा इस बारे में कई बार अधिकारियों को शिकायत भी कर दी गई है लेकिन उसका भी कोई परिणाम अब तक निकल कर सामने नहीं आया है। इन रहवासियों का कहना है कि जो स्थिति सुदामा नगर में बन रही है उसके चलते हुए बारिश के मौसम में कभी भी तेज हवा से तार टूट सकता है और शॉर्ट सर्किट भी हो सकता है। ऐसे में पूरे क्षेत्र में विद्युत प्रदाय प्रभावित होगा। इस स्थिति को रोकने के लिए बिजली कंपनी को समय रहते हुए ही कदम उठाना चाहिए।





# कृष्ण-रूक्मणी विवाह आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री माहेश्वरी डीडवाना 51 घर थोक महिला संगठन द्वारा कराई जा रही भागवत कथा में कल भगवान कृष्ण और माता रूक्मणी के विवाह का चित्रण किया गया। बारात का स्वरूप भी दिया गया। सोनल बाहेती कृष्ण बनी, रीता परवाल रूक्मणी बनी। रमा साबू, चंदा बल्दवा, मधु झंवर, अमिता बल्दवा, नीता चिंचाणी, अलका माहेश्वरी, पुष्प माहेश्वरी, महेश राठी, बलदेव जाजू, लव शारदा उपस्थित थे।

# माहेश्वरी सखी संगठन का गौ अन्नकूट महोत्सव

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री मध्य क्षेत्र माहेश्वरी सखी संगठन द्वारा पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर 'गौ अन्नकूट महोत्सव' का आयोजन श्री लक्ष्मी व्यंकटेश देवस्थान, छत्रीबाग में किया गया। मध्य क्षेत्र सखी संगठन लगातार आयोजन कर रही है। भगवान और गौ माता के समक्ष छप्पन भोग लगाए गए। गौ पूजन आरती का आयोजन भी हुआ। रमेश शकुंतला चितलांग्या यजमान थे। अतिथि हृदय दीक्षित थे। अध्यक्ष शीखा भलिका, सचिव हिना बजाज ने बताया कि बड़ी संख्या में मातृशक्तियां और समाजजन भी मौजूद रहे, जिनमें मधुसूदन भलिका, शैलेन्द्र भैया, जयकिशन डागा, गोविंद बियाणी, गोपालदास राठी, गोविंद झंवर, परीक्षित जाजू, राजेश होलानी, पंखुड़ी भूतड़ा, सरिता बियाणी, पूजा माहेश्वरी, अंजलि बजाज, अनुभि चितलांग्या, पारुल सोनी मौजूद थे।



# निःशुल्क पोहा एक-दूसरे के मुंह में खिलाया

## महंगा पेट्रोल जलाकर पहुंचे पोहा दिवस पर



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** इन दिनों पेट्रोल महंगा है फिर भी वाहन चलाने में कोई कंजूसी नहीं हो रही है, चाहे पोहा दिवस पर निःशुल्क मिल रहे पोहा का लुत्फ लेने में भी महंगा पेट्रोल जलाकर कल लोग अलग-अलग जगह पहुंचे। राजवाड़ा पर दो पोहा दुकानदारों ने राजनेताओं की दुकान सजाने के लिए निःशुल्क पोहा वितरण कल किया। दिगम्बर जैन समाज से जुड़े संस्था परिवार मित्र के मनमोहन झांझरी, दीपक पाटोदी ने भी कल अपना पेट्रोल जलाकर सोने से घड़ावन वाला निःशुल्क पोहा राजवाड़ा पर खाया। एक-दूसरे को पोहा खिलाने का लुत्फ लिया और अन्तर्राष्ट्रीय पोहा दिवस की बधाई भी दी और कहा कि हमारा इंदौरी पोहा अब विदेश में भी इंदौर के नाम से चर्चित है, इसकी चर्चा और इसका उपयोग पूरे विश्व में हो।



# जैन युवा महासभा की बैठक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन खंडेलवाल युवा महासभा कार्यसमिति बैठक का आयोजन रंग महल में किया गया। बैठक में तय किया गया कि प्रतिमाह भक्तामर पाठ का सामूहिक आयोजन करवाना, अलग-अलग प्रकोष्ठों का गठन करना, रक्तदान शिविर का आयोजन करना, जैन समाज के जरूरतमंद मेधावी छात्रों को सहायता करना मुद्दे प्रमुख रहे। वहीं जैन समाज की जनगणना कार्य करवाना, बिजनेस एक्सपो, जॉब फेस्ट का रोड मैप तैयार करना जैसे मुद्दे भी रहे। नकुल पाटोदी, सुनील गोधा, अंकुल पाटोदी, वैभव कासलीवाल, मनीष जैन, रोमिल सोनी, कमलेश बड़जात्या, प्रफुल्ल जैन, अंकित जैन, विवेक काला, अभिषेक बज, शुभम सेठी, पुष्पेंद्र कुमार जैन, पीयूष गोधा, अक्षय पाटनी, ऋषभ पहाड़िया, गौरव पाटोदी, शैलेन्द्र सोगानी उपस्थित थे।

# इंदौरियों ने लद्दाख में मनाया पोहा दिवस



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

इंदौर के सिंधी छेज ग्रुप ने कल लेह-लद्दाख की यात्रा के दौरान विश्व पोहा दिवस पर पोहा और जलेबी का आयोजन किया। सिंधु माता के तट पर पहली बार इंदौर के सिंधी समाजजनों ने पोहा का आयोजन किया। नरेश फुंदवानी, रवि सीतलानी ने बताया कि सिंधु माता को 101 फीट की चुनरी भी अर्पित की गई और वहां आए पर्यटकों को पोहे खिलवाए और जलेबी भी साथ में गरम-गरम परोसी गई।

# म्यूजिक इंस्ट्रुमेंटल प्रतियोगिता का आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मॉल में आज केमछो इवेंट्स द्वारा भव्य म्यूजिक इंस्ट्रुमेंटल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 165 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया और संगीत प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने विभिन्न वाद्य यंत्रों जैसे कीबोर्ड, तबला, गिटार, बांसुरी, ड्रम्स एवं अन्य इंस्ट्रुमेंट्स पर मनमोहक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों और निर्णायकों को प्रभावित किया। श्रेया अनासाने एवं डॉ. अंशुल जैन ने उक्त जानकारी दी।





# सर्व ब्राह्मण समाज के विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

सर्व ब्राह्मण समाज प्रतिभा सम्मान प्रकोष्ठ द्वारा बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत अंक लाने वाले 134 मेधावी सर्व ब्राह्मण समाज के विद्यार्थियों का सम्मान आयोजित किया गया। सत्यनारायण सत्तन, जसराज मेहता, अभिषेक शर्मा बबलू, आरएन मिश्रा, बाबा दीक्षित, सूरज जोशी, नरेन्द्र तिवारी, विकास अवस्थी, लालजी तिवारी, गौरव शर्मा, अखिलेश त्रिपाठी, विजय झा, गायत्री प्रसाद शुक्ला, नीरज शुक्ला, कन्नू मिश्रा, मनोज तिवारी, विजय मिश्रा, गौरव भारद्वाज, लोकेश शर्मा, राजेश शर्मा, संजय तिवारी, सुभाष संवारेकर, विशाल पालीवाल, मनीष शर्मा, विशाल जोशी, राजकुमार आचार्य, अमित शर्मा, अविनाश बक्शी मौजूद थे।

# जैन ग्रुप नोबल के दम्पति सदस्यों ने लिया पोहा-जलेबी के साथ कचोरी का लुत्फ




**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप इंदौर नोबल द्वारा विश्व पोहा दिवस का आयोजन ग्रुप के दम्पति सदस्यों के लिए किया गया। कल रविवार होने की वजह से दम्पति पहुंचे भी और पोहा दिवस को यादगार बनाया। पोहा के साथ जलेबी और कचोरी का लुत्फ भी लिया गया। स्लोगन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। आयोजन में विकास कोठारी, नीतेश दलाल, कीरिट शाह, नरेन्द्र जैन भटेवरा, नीलेश पोखरना, राजकुमार डाकोलिया, प्रदीप छाजेड़ ने अपनी भूमिका निभाई।

# शिव-हनुमान मंदिर में कृष्ण लीला

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** किशोरी कनक जन कल्याण समिति के तत्वावधान में शिव हनुमान मंदिर नन्दा नगर में श्रीमद् भागवत कथा का रसपान ब्रजेश शास्त्री के मुखारबिन्द से कराया जा रहा है। कीर्तन पर श्रद्धालु नृत्य भी कर रहे हैं। सुनील शर्मा ने उक्त जानकारी दी।





## राजा माधवानी का सम्मान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सिंधी पंचायत जैकब आबाद जिला सिंधी पंचायत के सरपंच राजा माधवानी के अवतरण दिवस पर समाज के वरिष्ठों ने स्वागत और सम्मान का आयोजन किया। मिठाई भी सभी ने खाई। डा. जयकुमार परियानी, राजेंद्र सचदेव, कमल कस्तूरी, दीपचंद चावला, सच्चानंद वाधवानी, जयपालदास बजाज, किशोर सेवानी, मंशाराम राजानी, लालचंद छाबड़ा, सच्चानंद कामोरा, लालचंद वाधवानी, नंदलाल खथूरिया सहित अन्य मौजूद थे।

## 'जय हिंद नागरिक अलंकरण अवार्ड के लिए प्रविष्टियां

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** संस्था कवि कला और कलाकार कल्याण कोष द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन विश्व रिकॉर्ड हेतु प्रस्तावित है,जिसमें देशभर के सम्माननीय भारतीय नागरिकों को जय हिंद नागरिक अलंकरण अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। जितेंद्र शिवहरे के अनुसार, प्रत्येक आयु वर्ग के भारतीय नागरिक इस सम्मान समारोह हेतु निर्धारित गूगल फॉर्म भरकर अपनी प्रविष्टि निःशुल्क भेज सकते हैं।

## नृत्य में जाह्नवी शर्मा को सफलता

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** गोवा पणजी में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय नृत्य प्रतियोगिता के भारत नृत्य महोत्सव में जाह्नवी शर्मा ने भारतीय शास्त्रीय एवं अर्ध-शास्त्रीय नृत्य शैली में अच्छी प्रस्तुतियां दी। अलग-अलग प्रतियोगिता में अलग-अलग विजेता वे रही उन्हें सम्मानित किया गया।





## पोहा के साथ जलेबी पार्टी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अंतर्राष्ट्रीय पोहा दिवस पर हकीमी विहार में पोहा जलेबी की धूम रही। पोहा के साथ जलेबी का इंतजाम भी किया गया। बडी संख्या में बोहरा समाजजन, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि की मौजूदगी रही।

## हिमांशु जैन को पीएचडी, दादा-पिता के बाद पोते को भी मिली उपलब्धि

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

प्रेस्टीज एजुकेशन फाउंडेशन के डायरेक्टर हिमांशु जैन को भारतीय सोयाबीन क्षेत्र पर उनके शोध के लिए पीएचडी उपाधि प्रदान की गई है। उनके शोध का विषय है-भारतीय सोयाबीन क्षेत्र का अनुदैर्ध्य विश्लेषण परिप्रेक्ष्य, समस्याएं एवं संभावनाएं। यह उपाधि श्रीलंका ओपन यूनिवर्सिटी और मुंबई के जोरोस्ट्रियन कॉलेज द्वारा संयुक्त रूप से मुंबई में आयोजित एक विशेष समारोह में प्रदान की गई। इस उपलब्धि के साथ हिमांशु जैन परिवार की तीसरी पीढ़ी बन गए हैं। प्रेस्टिज के डॉ. डेविश जैन को 2010 में पीएचडी मिली थी और उनके दादा पद्मश्री नेमीनाथ जैन को भी पीएचडी का सौभाग्य मिला था।



## ऋषिकेश मुखर्जी की फिल्मों के नगमों की प्रस्तुति होगी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

संस्था 'ब्रह्मनाद' एवं स्टार फैन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में फिल्म निर्माता-निर्देशक ऋषिकेश मुखर्जी की कालजयी फिल्मों पर आधारित संगीतमय प्रस्तुति 'दिल की नज़र से...' का आयोजन 14 जून रविवार को शाम 7:30 बजे से संतोष सभागृह, रानीसती गेट पर किया जाएगा।



## 24 स्कूलों के 720 बच्चों के लिए शिक्षा धन

### गोदा-रंगनाथ का विवाह

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

बायपास रिसोर्ट पर लक्ष्मीनारायण-गोदा रंगनाथ विवाह का आयोजन स्वामी डॉ. माधव प्रपन्नाचार्य की मौजूदगी में किया गया। इस विवाह से जो अतिरिक्त धन की प्राप्ति हुई उस पैसों की बचत से वनवासी अंचलों में संचालित 22 स्कूलों के 720 बच्चों की शिक्षा के सहायतार्थ धनराशि विवाह स्थल पर ही प्राप्त हुई जबकि स्वयं डॉ. माधव प्रपन्नाचार्य ने भी अपनी ओर से दो स्कूलों के बच्चों के लिए धनराशि प्रदान की। विवाह स्थल पर रखे गए सेवा पात्र एवं हुंडी में आई कन्यादान की राशि की गणना अभी बाकी है। विवाह समारोह का आयोजन वनबंधु परिषद, फ्रेंड्स ऑफ़ ट्रायबल सोसायटी महिला समिति द्वारा किया गया।

## सोसायटी का पौधारोपण अभियान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अमीर हमज़ा यूनिफाई सोशल एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा पौधारोपण का आयोजन सिरपुर तालाब की पाल पर किया गया। सरपंच सोहराब पटेल, हरिओम वैष्णव, युसूफ रजा तहसीनी, अकरम अली, मो. आसिफ, आमीन कादरी, नदीम सिद्दिकी, मो. शादाब खान, नवाज गौरी, इकरार शेख, काशिफ खान, सलमान अहमद, सोहेल शेख, जुनैद कुरैशी, तबरेज शेख सहित अन्य ने अपनी भूमिका निभाई।

## पत्रकारों के सम्मान का आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** प्रीतमलाल दुआ सभागृह में कल सम्मान के आयोजन में पत्रकार, समाजसेवी का सम्मान आयोजन किया गया। शहर काजी डॉ. इशरत अली, सर्वधर्म संघ के मंजूर बेग, भगवतसिंह चौहान, संजय माहेश्वरी, महेन्द्र शर्मा, लोकेन्द्र राठौर, संदीप जैन, नौशाद खान, नवनीत शुक्ला सहित अन्य मौजूद थे।



## मातृ संकल्प महोत्सव एवं श्रीमद भागवत कथा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री लक्ष्मी वेंकटेश देवस्थान, छत्रीबाग में पुरुषोत्तम मास में 9 से 15 जून तक 'श्री मातृ संकल्प महोत्सव' एवं श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन मंजुला तोतला की स्मृति में उनके द्वारा लिए गए कथा संकल्प की पूर्णता हेतु किया जा रहा है। महोत्सव स्वामी विष्णुप्रपन्नाचार्य महाराज के सान्निध्य में होगा। पंकज तोतला ने बताया कि आयोजन सत्यनारायण तोतला एवं समस्त तोतला परिवार द्वारा आयोजित होगा। 9 जून की सुबह 8.30 बजे शोभायात्रा रामद्वारा छत्रीबाग से निकलकर वेंकटेश मंदिर छत्रीबाग पहुंचेगी। संतों की मौजूदगी रहेगी। कथा प्रतिदिन सायंकाल 4 बजे से 7 बजे तक आयोजित होगी।

## यादव समाज ने किया पौधारोपण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** यादव समाज कोर कमेटी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर समाज के शक्ति के केंद्र 'राव तुलाराम यादव प्रतिमा स्थल' टीसीएस चौराहा पर भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्ष गुलशन यादव ने पर्यावरण पर उद्बोधन दिया। गुलशन यादव, वीरसिंह यादव, राजेश यादव, मनीष जोशी, डॉ. आरडी यादव, पुरुषोत्तम यादव, अशोक यादव, निम्बू पहलवान यादव, सुबीर यादव, डॉ. रमन यादव, राकेश यादव, रामसमुझ यादव, प्रेम यादव, शिवमूरत यादव, राजेंद्र यादव, गब्बर वर्मा, रवि गोरे उपस्थित रहे।



## 350 मेधावी छात्रों का मेव ट्रस्ट ने किया सम्मान

### अनिल त्रिवेदी को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

संतोष आडिटोरियम में मेव एजुकेशनल वेल्फेयर अवेयरनेस ट्रस्ट द्वारा सम्मान का आयोजन किया, जिसमें 350 से अधिक मेधावी छात्रों का सम्मान किया। वहीं अभिभावक अनिल त्रिवेदी को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से नवाजा गया। अतिथि पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल, शोएब अख्तर मेव, सीए मुख्तियार, डॉ. असद खान, सैयद आसिफ अली वारसी, सारिका दीक्षित, दिनेश रामदार, रामजान, सूरज कनोडिया की मौजूदगी में सम्मान व अतिथि स्वागत शम्शुद्दीन चिश्ती, सिराज मेव, आसिफ मेव, आदिल मेव, अब्दुल गफूर, याकूब मेमन, सूरज कानोंड़िया, मुश्ताक खान, सादिक चंदेली, एडमिन मसीह, जफर बबलू, हाजी ज़मीर, शेख शाकिर, सफदर ठेकेदार, डॉ. फारूक, तालिब हुसैन, राजा चिश्ती, अब्दुल हफीज बनारसी, शरीफ खान, मो. अय्युब खान सहित अन्य मौजूद थे।



**आलेख : जनादेश के युगपुरुष!**

### जनादेश से जनविश्वास तक : लोकतंत्र की असाधारण यात्रा

# राष्ट्रनिर्माण से विकसित भारत की परिकल्पना

## राजनीति से राष्ट्रनीति का स्वर्णिम अमृतकाल | जनचेतना से राष्ट्रीय पुनर्जागरण का शुभ संकल्प

*इतिहास तिथियों से नहीं बनता, इतिहास संकल्पों से बनता है! इतिहास उन व्यक्तित्वों से भी बनता है, जो अपने समय की सीमाओं को लांघकर युग की दिशा निर्धारित करते हैं। 09 जून, 2026 ऐसी ही एक ऐतिहासिक तिथि है। भारतीय लोकतंत्र की दीर्घ यात्रा में यह वह क्षण है, जब यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी देश के सर्वाधिक समय तक लगातार जनादेश प्राप्त कर जनसेवा करने वाले प्रधानमंत्री के रूप में, एक नया अध्याय अंकित करेंगे। यह उपलब्धि सत्ता की निरंतरता का अभिलेख नहीं है। यह राष्ट्र के विश्वास का हस्ताक्षर है! लोकतंत्र में जनादेश सबसे बड़ा प्रमाणपत्र होता है। वह किसी पद से नहीं मिलता। वह जनता के हृदय से निकलता है। वर्ष 2014 में भारत ने परिवर्तन का संकल्प लिया। वर्ष 2019 में उस संकल्प को सामर्थ्य मिला। वर्ष 2024 में राष्ट्र ने उस विश्वास को और अधिक व्यापक स्वरूप प्रदान किया। इन बारह वर्षों ने भारत की राजनीतिक संस्कृति, प्रशासनिक कार्यशैली और राष्ट्रीय आत्मविश्वास को नई ऊंचाइयां दी हैं।*



**-दीपक जैन 'टीनू' लेखक भाजपा कार्यकर्ता हैं!**

एक समय था जब भारत अपनी संभावनाओं के आधार पर पहचाना जाता था। आज भारत अपनी उपलब्धियों के आधार पर सम्मान प्राप्त कर रहा है। एक समय था जब भारत वैश्विक मंचों पर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाता था। आज भारत अनेक वैश्विक विमर्शों की दिशा निर्धारित कर रहा है। एक समय था जब भारत भविष्य की प्रतीक्षा करता था। आज भारत भविष्य का निर्माण कर रहा है। जन प्रिय प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में बीता दशक भारतीय पुनर्जागरण का दशक बनकर उभरा है। यह वही कालखंड है, जिसमें देश ने आत्मनिर्भरता को राष्ट्रीय संकल्प बनाया, करोड़ों नागरिकों तक विकास की मुख्यधारा को पहुंचाने का प्रयास किया और भारत ने अपनी सांस्कृतिक चेतना को आधुनिक प्रगति के साथ समन्वित करते हुए एक नए राष्ट्रीय आत्मविश्वास का निर्माण किया। काशी के घाटों से लेकर केदारनाथ की दिव्यता तक, अयोध्या की भव्यता से लेकर कर्तव्य पथ की गरिमा तक, चंद्रयान की सफलता से लेकर जी-20 के वैश्विक नेतृत्व तक, संपूण भारत ने स्वयं को नए आत्मविश्वास के साथ देखा है। यह आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता किसी क्षणिक उपलब्धि का परिणाम नहीं, वरन एक दीर्घ राष्ट्रीय साधना का प्रतिफल है।

स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव ने राष्ट्र को अपनी गौरवगाथा का पुनः स्मरण करवाया। उसी अमृत चेतना से विकसित भारत 2047 का महाअभियान जन्मा। यह अभियान किसी सरकार का कार्यक्रम नहीं है। यह नए भारत का राष्ट्रीय संकल्प है। जब राष्ट्र अपनी स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष की ओर अग्रसर होगा, तब भारत को विकसित, समृद्ध, आत्मनिर्भर और विश्व के मार्गदर्शक राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का संकल्प आज करोड़ों भारतीयों के मन में स्पंदित हो रहा है! विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता आदरणीय नरेंद्र मोदी जी ने राजनीति को चुनावों की परिधि से



निकालकर राष्ट्र-निर्माण के व्यापक आयामों से भी जोड़ा है। उनके अनुकरणीय नेतृत्व में शासन व्यवस्था ने जनभागीदारी को नई शक्ति दी, विकास ने अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचने का प्रयास किया और राष्ट्रहित ने नीति-निर्माण के केंद्रीय तत्व के रूप में अपनी प्रतिष्ठा स्थापित की। विश्व के अनेक लोकतंत्रों में नेतृत्व बदलता है। कुछ नेता परिस्थितियों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जबकि कुछ नेता अपने समय की आकांक्षाओं का। व्यक्ति से व्यक्तित्व बने आदरणीय नरेंद्र मोदी जी उस राष्ट्रीय आकांक्षा के प्रतिनिधि बनकर उभरे हैं, जिसने एक सशक्त, आत्मविश्वासी और गौरवशाली भारत का स्वप्न देखा है तथा उसे साकार करने के लिए सामूहिक राष्ट्रीय ऊर्जा को एक दिशा प्रदान की है।

09 जून 2026 का यह अवसर किसी व्यक्ति की विजय का उत्साह नहीं है। यह भारत की लोकतांत्रिक चेतना का उत्सव है। यह उस जनविश्वास का अभिनंदन है, जिसने निरंतरता को स्थिरता और स्थिरता को राष्ट्रीय शक्ति में परिवर्तित किया। यह उस लोकतांत्रिक परिपक्वता का भी प्रतीक है, जिसने भारत को निरंतर प्रगति और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए शिखरों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भविष्य की पीढ़ियां जब नए भारत का इतिहास पढ़ेंगी, तब वे इस कालखंड को अनेक उपलब्धियों के साथ स्मरण करेंगी। वे इसे भारत के आत्मविश्वास का काल कहेंगी। वे इसे भारत के उत्कर्ष का उत्तर कहेंगी। वे इसे विकसित भारत की आधारशिला रखने वाला स्वर्णिम आधार स्तंभ कहेंगी और तब इतिहास के पृष्ठों पर यह भी अंकित होगा कि इस युग में भारत ने स्वयं को पहचाना, अपनी शक्ति को सिद्ध किया और अपने वैश्विक दायित्व को भी नए दायरे में दाखिल किया! यही इस युग की सबसे बड़ी उपलब्धि है। यही जनादेश का वास्तविक अर्थ है। यही अमृतकाल की राष्ट्रीय चेतना है। यही हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी का नया भारत है!

---

### किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष का प्रतिनिधित्व पाटीदार समाज को मिलने से

# विवेक पाटीदार की भाजयुमो जिलाध्यक्ष के लिए दावेदारी हुई कमजोर

**धार (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि नितिन राठौर)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष के लिए कई नाम कतार मे लगे हुए है, जिसमे बदनावर के पूर्व युवक कांग्रेसी और वर्तमान मे भाजयुमो के विवेक पाटीदार का नाम भी पिछले कई समय से रेस मे बना हुआ था, लेकिन किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रूप मे रवि पाटीदार की नियुक्ति के साथ ही धार नगर भाजयुमो जिलाध्यक्ष के लिए विवेक पाटीदार का दावा लगभग खत्म सा हो गया है, जिसका प्रमुख कारण पाटीदार समाज के खाते मे किसान मोर्चा जैसे अहम मोर्चे का प्रतिनिधित्व मिलना, राजनीति में संगठन स्तर पर नियुक्तियों के दौरान विभिन्न समाजों के बीच संतुलन बनाना बेहद जरूरी होता है, भाजपा एक ही समाज या वर्ग को संगठन के कई बड़े पद देने से बचती है। रवि पाटीदार को किसान मोर्चा का जिलाध्यक्ष बनाए जाने के बाद पाटीदार समाज को पहले ही एक बड़ा



**मूल भाजपा बनाम आयातित नेता का मुद्दा विवेक पाटीदार की नियुक्ति पर पड़ रहा भारी**

और महत्वपूर्ण प्रतिनिधित्व मिल चुका है, किसान मोर्चा जिले का एक बेहद मजबूत और प्रभावी मोर्चा है,इसके बाद युवा मोर्चा जैसे दूसरे सबसे महत्वपूर्ण मोर्चे की कमान भी उसी समाज के विवेक पाटीदार को मिलना राजनीतिक रूप से असंभव सा हो जाता है, क्योंकि भाजपा को अन्य समाजों जैसे राजपूत, ब्राह्मण, पिछड़ा वर्ग या आदिवासी समाज को भी साधना है, वही विवेक पाटीदार की राह का सबसे बड़ा रोड़ा पूर्व में युवक कांग्रेस की पृष्ठभूमि होना भी एक पहलू हो सकता है, लेकिन मौजूदा स्थिति में सबसे बड़ा रोड़ा यह पाटीदार समाज का कोटा किसान मोर्चा में पूरा होना ही बन रहा है,इस नियुक्ति के बाद अब धार भाजयुमो जिलाध्यक्ष पद के लिए अन्य समाजों के सक्रिय युवा नेताओं की दावेदारी बहुत ज्यादा मजबूत हो गई है,मूल भाजपा बनाम आयातित नेता का मुद्दा विवेक पाटीदार की पृष्ठभूमि पर हावी होता दिख रहा है, वही विवेक पाटीदार पूर्व युवक कांग्रेसी रहे है। रवि पाटीदार की नियुक्ति को एक बहाना बनाकर संगठन के पुराने और मूल कार्यकर्ता इस बात का दबाव बनाएंगे कि बाहरी या दूसरी पार्टी से आए नेताओं के बजाय दरी उठाने वाले मूल युवा कार्यकर्ताओं को दिया जाए,युवा मोर्चा किसी भी चुनाव में भाजपा की स्ट्राइक फोर्स या जमीनी फौज की तरह काम करता है,अगर जातिगत समीकरणों को साधने में थोड़ी भी चूक हुई, तो आगामी स्थानीय निकायों या पंचायत के चुनावों में आंतरिक गुटबाजी उभर सकती है।यही कारण है कि भाजपा संगठन विवेक पाटीदार के नाम को ठंडे बस्ते में डालकर किसी सर्वमान्य या गैर-विवादास्पद चेहरे की तलाश तेज कर चुका है,विवेक पाटीदार का दावा कमजोर होने के बाद, अब भाजयुमो जिलाध्यक्ष की रेस में अन्य प्रभावशाली समाजों के युवा नेता सक्रिय होते दिखाई दे रहे है।

---

### इस बार नहीं भरेगा कॉलोनियों में

# बारिश का पानी

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** विधानसभा पांच के मुसाखेड़ी क्षेत्र में लगभग 99 लाख रुपए की लागत से विराटनगर गार्डन के पास नई लंबी-चौड़ी रिटर्निंग वॉल तैयार की जा रही है। जिसका फायदा यह होगा कि इस साल बारिश के सीजन में वार्ड 51 की आधा दर्जन से अधिक कालोनियों में पानी नहीं भरेगा, यही नहीं इस नई रिटर्निंग वॉल के बनने के बाद वार्ड के पुराने बगीचे में भी लोग मानसून सीजन में हरियाली और सुंदरता का आनंद ले सकेंगे। इसको लेकर भी क्षेत्रिय पार्षद मलखान कटारिया द्वारा बगीचे के सौंदर्यीकरण का काम दोबारा करवाने की तैयारी कर रहे है जिसके अंतर्गत यहां पुराने बगीचे में भी विकास कार्य करने की प्लानिंग भी रहवासियों के साथ विधायक और पार्षद द्वारा की जा रही है।

पहले हालत यह थे कि लंबे समय से रिटर्निंग वॉल का काम मंजूरी के बावजूद सालों से अटका हुआ था। जिसके कारण यहां क्षेत्र के रहवासियों को बगीचे में सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा था। वहीं बारिश के दौरान क्षेत्र के दर्जन भर कालोनियों में बारिश का पानी भर जाता था जिसके कारण लोगों को प्रतिवर्ष बारिश में दिक्कत हो रही



थी। वहीं क्षेत्र के एकमात्र गार्डन में भी सुरक्षा और सौंदर्यीकरण के काम नहीं हो पा रहे थे। खासकर बारिश के दिनों में बगीचे में अक्सर पानी भरा रहता था जिसके कारण रहवासी गार्डन की सुविधा का लाभ नहीं ले पा रहे थे। वही अब क्षेत्रीय पार्षद मलखान कटारिया और विधायक महेंद्र हार्डिया के प्रयासों से पिछले दिनों लंबे समय से अटकी नाले के पास वाली करीब 150 मीटर लंबी रिटर्निंग वॉल के निर्माण का काम अब अंतिम दौर में है और तेजी के साथ चल रहा है, यही नहीं वर्तमान में यहां करीब आधी से ज्यादा रिटर्निंग वॉल बनकर तैयार भी हो चूंकि है और आने वाले दिनों में जल्द ही यहां लंबी-चौड़ी रिटर्निंग वॉल पूरी तरह बनकर तैयार भी हो जाएगी जिसका निर्माण कार्य ज़ारी है।

## संपादकीय

# सरकार आर्थिक वृद्धि और महंगाई के बीच संतुलन कायम करने वाले कदम उठाए

आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि सरकार महंगाई पर नियंत्रण की तुलना में आर्थिक वृद्धि के प्रयासों पर ज्यादा जोर दे रही है। इससे भले ही अर्थव्यवस्था के आंकड़ों में सुधार नजर आ सकता है, लेकिन महंगाई के बढ़ते बोझ से आम लोगों के लिए जीवन-यापन करना कठिन हो जाएगा। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से पैदा हुए संकट का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। इसका सबसे ज्यादा असर ऊर्जा और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति पर पड़ रहा है, जिससे इनकी कीमतों में इजाफा होना स्वाभाविक है। महंगाई अब आम आदमी की जेब पर भारी पड़ने लगी है और निश्चित तौर पर इसका प्रभाव देश की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ेगा। यही वजह है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) ने शुक्रवार को आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 6.9 फीसद से घटाकर 6.6 फीसद, जबकि खुदरा महंगाई दर के अनुमान को 4.6 फीसद से बढ़ाकर 5.1 फीसद कर दिया है। हालांकि, सरकार का लक्ष्य महंगाई दर को चार फीसद के दायरे में सीमित रखने का है, लेकिन सवाल है कि वर्तमान में जो परिस्थितियां बनी हैं, उस लिहाज से क्या इस लक्ष्य को हासिल किया जा सकेगा, या फिर यह आंकड़ा महज सरकारी कागजों में दिखाने के लिए ही रह जाएगा। यह आशंका इसलिए व्यक्त की जा रही है, क्योंकि सरकार की ओर से मौजूदा संकट से निपटने के लिए कोई ठोस एवं विस्तृत रूपरेखा अभी तक सामने नहीं आई है। आरबीआइ ने प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 5.25 फीसद पर बरकरार रखा है और इसे आम लोगों के लिए राहत के रूप में पेश किया जा रहा है। मगर इसका दूसरा पहलू यह है कि पहले से ही महंगाई से जूझ रहे समाज के एक वर्ग को उम्मीद थी कि रेपो दर में कुछ कमी की जाएगी, जिससे उन्हें अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए बैंक से कर्ज लेने और मासिक किस्त चुकता करने में आसानी होगी। गौरतलब है कि रेपो दर में कमी और वृद्धि से ब्याज दरें भी घटती एवं बढ़ती हैं, जिसका सीधा असर बैंकों से कर्ज लेने वालों की मासिक भुगतान किस्त पर पड़ता है। यह बात स्पष्ट है कि बढ़ते वैश्विक तनाव, वस्तुओं की ऊंची कीमतें और आपूर्ति में समस्या देश के आर्थिक परिदृश्य के लिए जोखिम पैदा कर रहे हैं। कच्चे तेल के दामों में आए उछाल और विदेशी संस्थागत निवेशकों की रिकार्ड पूंजी निकासी के कारण रुपया इस वर्ष डालर के मुकाबले छह फीसद से अधिक टूटा है। इसके साथ ही विदेशी मुद्रा भंडार पर भी दबाव बढ़ रहा है। ऐसे में अगर समग्र रूप से कारगर कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले दिनों में स्थिति और ज्यादा बिगड़ने से इनकार नहीं किया जा सकता। देश की अर्थव्यवस्था के लिए जोखिम सिर्फ पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष की वजह से ही नहीं है, बल्कि घरेलू मोर्चे पर भी कई तरह की चुनौतियां स्थिति को जटिल बना रही हैं। मसलन, आरबीआइ ने अपनी रिपोर्ट में सामान्य से कम मानसून के अनुमान और अल-नीनो के कारण उत्पन्न जोखिमों का भी उल्लेख किया है। साथ ही कहा कि इससे आने वाले महीनों में खाद्य पदार्थों की कीमतों पर दबाव और ज्यादा बढ़ सकता है। यानी महंगाई का सिलसिला फिलहाल थमने वाला नहीं है। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि सरकार महंगाई पर नियंत्रण की तुलना में आर्थिक वृद्धि के प्रयासों पर ज्यादा जोर दे रही है। इससे भले ही अर्थव्यवस्था के आंकड़ों में सुधार नजर आ सकता है, लेकिन महंगाई के बढ़ते बोझ से आम लोगों के लिए जीवन-यापन करना कठिन हो जाएगा। इसलिए जरूरी है कि सरकार ऐसे कदम उठाएं, जिससे आर्थिक वृद्धि और महंगाई के बीच संतुलन कायम हो और पश्चिम एशिया में संघर्ष से उपजे संकट के असर को भी कम किया जा सके।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 149800 | 153000 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 241500 | 240000 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# शराब पर डिस्काउंट नहीं मिला तो दुकान में की तोड़फोड़

## सिगरेट उधार देने से मना किया तो बुजुर्ग का सिर फोड़ा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

मामूली बातों पर विवाद और सरेराह मारपीट की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामलों में पुलिस ने दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई की है। कहीं शराब की बोतल पर डिस्काउंट नहीं मिलने पर बदमाशों ने दुकान में घुसकर उत्पात मचाया, तो कहीं सिगरेट उधार न देने पर एक बुजुर्ग दुकानदार पर डंडे से हमला कर उनका सिर फोड़ दिया गया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**केस 1**

क्षिप्रा थाना क्षेत्र के घर टोड़ी स्थित आबकारी दुकान का है। फरियादी रोहित सिंह निवासी रीवा की शिकायत पर पुलिस ने भीमराणा उर्फ विजेंद्र सिंह और उसके दो अन्य साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। रोहित ने पुलिस को बताया कि तीनों आरोपी दुकान पर आए और शराब की बोतल पर डिस्काउंट मांगने लगे। जब सेल्समैन ने छूट देने से साफ इनकार कर दिया, तो आरोपी तैश में आ गए। बदमाश जबरन दुकान के अंदर घुस गए और तोड़फोड़ शुरू कर दी। जब रोहित ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, तो आरोपियों ने उसके साथ बर्बरता से मारपीट की और घायल कर भाग निकले।

### चंदन नगर में उधारी से इनकार पर बुजुर्ग पर जानलेवा हमला

**केस 2**

चंदन नगर थाना क्षेत्र का है, जहां उधारी के विवाद में एक बुजुर्ग को लहूलुहान कर दिया गया। 65 वर्षीय मोहम्मद हनीफ ने पुलिस को बताया कि क्षेत्र का जाईद नामक युवक उनकी दुकान पर आया और सिगरेट मांगते हुए उसे डायरी में उधार लिखने को कहा। बुजुर्ग हनीफ ने जब पहले की उधारी का हवाला देकर मना किया, तो जाईद गाली-गलौज करता हुआ चला गया। कुछ ही देर बाद वह अपने भाई जावेद को साथ लेकर लौटा और दोनों ने बुजुर्ग को घेर लिया। आरोपियों ने लात-घूंसों से पीटने के बाद पास ही रखे डंडे से बुजुर्ग के सिर पर दे मारा, जिससे उनका सिर फट गया। घायल हनीफ को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया।

# गाने-बजाने पर आमने-सामने आए दो पक्ष, जमकर मारपीट

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

छत्रीपुरा थाना क्षेत्र के समाजवाद नगर में बीती रात किन्नर के गाने-बजाने की बात को लेकर दो पक्षों में जमकर विवाद हो गया। बात इतनी बढ़ी कि दोनों पक्षों के बीच सरेराह लात-घूंसे चल गए और महिलाओं व किन्नर के साथ भी हाथापाई हुई। छत्रीपुरा पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर एक-दूसरे के खिलाफ क्रॉस मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, पहले पक्ष की ओर से समाजवाद नगर निवासी ज्योति दांगी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। ज्योति ने बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाली लक्षी दीदी के घर कशिश किन्नर गाना-बजाना कर रही थी, जिसे देर रात पुलिस ने आकर बंद करवा दिया। इसी बात की रंजिश को लेकर लक्षी दीदी, भागीरथ, यश और लल्ला उनके घर के सामने आए और गालियां देते हुए बोले कि हमारे यहाँ गाना-बजाना तुमको अच्छा नहीं लग रहा है, तुमने ही पुलिस बुलाई। विरोध करने पर चारों ने ज्योति के साथ हाथापाई शुरू कर दी। बीच-बचाव करने आईं सिमरन, अमीषा, श्रद्धा और मुस्कान दांगी के साथ भी आरोपियों ने मारपीट और झूमाझटकी की। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।वहीं, दूसरे पक्ष की ओर से जितेंद्र पिता भागीरथ तंवर निवासी समाजवाद नगर ने जवाबी शिकायत दर्ज कराई है। जितेंद्र का आरोप है कि मोहल्ले में गाने-बजाने की बात को लेकर सामने रहने वाले नरेंद्र दांगी, ज्योति दांगी, सुनील चौहान और मयूर चौहान ने उन्हें घेर लिया और गालियां देने लगे। जब जितेंद्र ने इसका विरोध किया, तो इन चारों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। चीख-पुकार सुनकर जब जितेंद्र की बहन पिंकी, लक्ष्मी परमार और किन्नर बहन कशिश बीच-बचाव करने पहुंचे, तो आरोपियों ने उनके साथ भी बर्बरता से हाथापाई की। इस झड़प में किन्नर कशिश के चेहरे पर गंभीर खरोंचें आई हैं।छत्रीपुरा थाना पुलिस ने दूसरे पक्ष की रिपोर्ट पर भी आरोपी नरेंद्र दांगी, ज्योति दांगी, सुनील चौहान और मयूर चौहान के खिलाफ बलवा, मारपीट और गाली-गलौज की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

# दो ठिकानों पर छापे..जुआ खेलते 12 धराए, 63 हजार नकदी जब्त

**इन्दौर।** शहर में अवैध गतिविधियों और सट्टे-जुआ माफियाओं के खिलाफ चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत भंवरकुआं और छोटी ग्वालटोली थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाईयां की हैं। पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों पर घेराबंदी कर ताश के पत्तों पर दांव लगाते हुए कुल 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से कुल 63 हजार रुपये की नकदी और ताश की गड्डियां जब्त कर जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

पहली कार्रवाई भंवरकुआं थाना पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर की गई। पुलिस टीम ने तीन इमली के पास प्रतीक्षा ढाबे के पीछे खाली मैदान में चल रहे जुआ फड़ पर अचानक घेराबंदी की। यहाँ से पुलिस ने ताश पत्तों पर रुपयों की बाजी लगाते हुए 7 रंगेहाथों आरोपियों को दबोचा। पकड़े गए आरोपियो के नाम परेश पिता प्रकाश खत्री, निवासी विजयनगर,सतीश पिता अमरदास, निवासी पैलेस कॉलोनी, अमन पिता राजेश, निवासी बैराठी कॉलोनी रमेश पिता जगन्नाथ जोशी, निवासी जानकी नगर, रोमी पिता जगदीश शर्मा, निवासी खातीवाला टैंक, साहिल पिता महेश सचदेव, निवासी राजेंद्र नगर और वीरेंद्र पिता चंद्रप्रकाश ठाकुर, निवासी वीर सावरकर नगर बताए जा रहे है।पुलिस ने आरोपियों के फड़ और अमली जामा तलाशी से कुल 49500 रुपये नकद बरामद किए हैं। दूसरी कार्रवाई छोटी ग्वालटोली थाने के उप निरीक्षक सत्यवीर सिंह चौहान और उनकी टीम द्वारा अंजाम दी गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि रेलवे स्टेशन के सामने स्थित व्यस्त कमर्शियल कॉम्प्लेक्स यशवंत प्लाजा में जुआ चल रहा है। पुलिस टीम ने यशवंत प्लाजा के ग्राउंड फ्लोर की एक दुकान में अचानक दबिश देकर 5 जुआरियों को रंगेहाथों गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियो के नाम गौरव बोहरा निवासी गांधीनगर, धर्मदास निवासी आरटीओ रोड, आशु यादव निवासी मूसाखेड़ी, रोहित निवासी गणेश नगर और कपिल निवासी सांवरिया नगर बताए जा रहे है।पुलिस ने मौके से ताश की गड्डी और 13,500 रुपये की नकदी जब्त की है।

# बिजली विभाग और निगम की अनदेखी से वाहन चालक परेशान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** बिजली विभाग और निगम अफसरों के आपसी तालमेल नहीं होने के चलते और जिम्मेदारों के ध्यान नहीं देने से हालात यह है कि शनि मंदिर के सामने वाली गली से लेकर मुक्तिधाम तक के 300 मीटर हिस्से में दर्जनभर से अधिक बाधक बिजली के पोल पिछले डेढ़ साल से सड़क के बीच ट्रैफिक में बाधा बन रहे है आज तक नहीं हटें। जिसको लेकर क्षेत्र के रहवासी और आसपास के व्यापारी परेशान हो रहे है। हालत यह है कि निगम और बिजली विभाग के बीच आपसी ताल मेल नहीं होने और अफसरों की लापरवाही और अनदेखी के चलते यहां से दिन-रात गुजरने वाले हजारों वाहन चालक शिकार हो रहे है।

**मुक्तिधाम से शनि मंदिर तक नहीं हटाएं बीच सड़क से खंबे**

### कई बार की शिकायत फिर भी नहीं हो रही सुनवाई

लोगों का कहना है कि पिछले डेढ़ से दो साल में कई बार शिकायत के बाद भी जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे इसलिए सम्बे समय बाद भी यहां से एक भी बाधक बिजली के पोल अभी तक नहीं हटे। बताया जा रहा है कि यहां के कुछ लोग सड़क निर्माण और चौड़ीकरण में बाधा बढ़ाने के लिए कोर्ट से स्टे भी लाए हुए है जिसके कारण भी निगम को यहां सड़क निर्माण और चौड़ीकरण कार्य में लंबे समय से परेशानी आ रही है। गौरतलब है कि सरवटे से गंगवाल तक बनने वाली सीधी सड़क के लिए निगम लंबे समय से प्रयास कर रही है उसके बावजूद यहां की बाधाएं खत्म ही नहीं हो रही है जिसके कारण लंबे समय से यहां का काम उलझा पड़ा है।

# रहमत शाह का अर्धशतक, भारत के खिलाफ फिफ्टी जड़ने वाले अफगानिस्तान के पहले खिलाड़ी

**मुल्लांपुर ।** इंडिया और अफगानिस्तान के बीच एकमात्र टेस्ट मुल्लांपुर में खेला जा रहा है। भारत के 564 रनों के सामने अफगानिस्तान ने तीसरे दिन समाचार लिखे जाने तक 6 विकेट 137 रन बना चुका था । आज मैच के तीसरे दिन मेहमानों की नजरें फॉलोऑन बचाने पर है। अफगानिस्तान को अगर फॉलोऑन बचाना है तो कम से कम 365 रन बोर्ड पर लगाने होंगे, जो इस समय उनके लिए बहुत मुश्किल काम नजर आ रहा है। रहमत शाह अकेले 56 रन बनाकर भारतीय गेंदबाजों से लड़ रहे हैं, उन्हें दूसरे छोर से किसी बल्लेबाज का साथ नहीं मिल रहा है। वहीं टीम इंडिया की नजरें अफगानिस्तान को जल्द से जल्द ऑलआउट कर फॉलोऑन देकर मैच खत्म करने पर होगी। अफगानिस्तान अभी भी पहली पारी के आधार पर भारत से 427 रन पीछे है। रहमत शाह 56 और अशरफ 10 रन बनाकर खेल रहे हैं।

आज सुबह रहमत शाह ने अपना अर्धशतक पूरा किया। वह भारत के खिलाफ टेस्ट में फिफ्टी जड़ने वाले अफगानिस्तान के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। इसके पहले मुल्लांपुर टेस्ट के तीसरे दिन भारत को पहली सफलता प्रसिद्ध कृष्ण ने अजमतुल्लाह उमरजई को बोल्ड कर दिलाई। अजमत खाता तक नहीं खोल पाए। ये प्रसिद्ध कृष्ण की तीसरी सफलता थी।

# मैं पिच से मिल रही मदद का पूरा फायदा उठाना चाहता था: मानव

**न्यू चंडीगढ़।** डेब्यू मैच खेल रहे मानव सुथार ने महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में अफगानिस्तान के खिलाफ खेले जा रहे एकमात्र टेस्ट मैच में रविवार को तीन विकेट लिए। इससे भारतीय टीम मजबूत स्थिति में पहुंच गई है। बाएं हाथ के स्पिनर मानव सुथार ने कहा कि अपनी ताकत पर भरोसा रखने और लगातार सही जगहों पर गेंदबाजी करने से उन्हें टेस्ट में असर डालने में मदद मिली।

दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद सुथार ने अपनी गेंदबाजी पर कहा कि उनकी योजना सीधी थी। वह लगातार सही जगहों पर गेंदबाजी करते हुए पिच से मिल रही मदद का पूरा फायदा उठाना चाहते थे।




उन्होंने कहा, स्पेल के दौरान मेरा ध्यान सही जगहों पर गेंदबाजी करने और अपनी ताकत पर भरोसा करने पर था। विकेट से मदद मिल रही थी, इसलिए मेरी कोशिश सही जगहों पर गेंदबाजी करने और जितनी हो सके उतनी लगातार सही लेंथ पर गेंद डालने की थी। अपनी खूबियों के सवाल पर सुथार ने कहा- विकेट से कुछ मदद मिल रही थी और मेरी ताकत गेंद को टर्न कराना है। इसलिए मेरा मकसद ज्यादा से ज्यादा टर्न हासिल करना था क्योंकि पिच से मदद मिल रही थी। साथ ही, मैं अच्छी जगहों पर गेंदबाजी करना और लगातार सही लेंथ पर गेंद डालना चाहता था, क्योंकि वहीं से मदद मिल रही थी। मेरा पूरा ध्यान इसी पर था।

## सुथार ने कप्तान गिल को भी दिया श्रेय

23 साल के मानव सुथार ने अपने पहले ही ओवर में विकेट लिया। उन्होंने सफलता का श्रेय कप्तान गिल को देते हुए कहा कि उनका मेरे खेल को समझना मेरे काम आया। बाएं हाथ के स्पिनर ने कहा- हम साथ खेले हैं, इसलिए वह मेरी ताकत और मेरी गेंदबाजी को अच्छी तरह समझते हैं। उसी के आधार पर, वह मुझे फील्ड प्लेसमेंट, मैच की स्थितियों और मुझे किस लाइन और लेंथ पर गेंदबाजी करनी चाहिए, इस बारे में गाइड करते हैं।

अफगानिस्तान के खिलाफ खेले जा रहे टेस्ट से अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का आगाज कर रहे सुथार को गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में टीम में शामिल किया गया है। सुथार ने पहले ही टेस्ट में अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी से प्रभावित किया। बल्लेबाजी के दौरान 8वें नंबर पर उतरते हुए सुथार ने 41 गेंदों पर 28 रन की पारी खेली। वहीं गेंदबाजी में 15.5 ओवर में 7 मेडन फेंकते हुए मात्र 21 रन देकर 3 विकेट ले चुके हैं।

## गांगुली ने कहा वैभव से बड़े चमत्कार की उम्मीद न रखे

**नई दिल्ली।** पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने रविवार को कहा कि भारत के लिए डेब्यू की दहलीज पर खड़े स्टार युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को अपने खेल में ढलने का समय दिया जाना चाहिए और उन पर अपेक्षाओं का बोझ नहीं डाला जाना चाहिए। 15 साल के सूर्यवंशी भारतीय क्रिकेट टीम में चुने जाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। उन्हें आयरलैंड और इंग्लैंड के दौरे के लिए टी20 टीम में चुना गया है जिसके बाद वह जापान में होने वाले एशियाई खेलों में भी हिस्सा लेंगे।

गांगुली ने कहा, मेरा मानना है कि हमें उसे उसके हाल पर छोड़ देना चाहिए। वह अभी महज 15 साल का है और मुझे नहीं लगता कि वह दबाव की ज्यादा परवाह करेगा। आईपीएल में भी हमने यही देखा है। पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष ने कहा कि ब्रिटेन की परिस्थितियां आईपीएल में माहौल से काफी अलग होंगी और सूर्यवंशी को अपने खेल को उसके अनुसार ढालने की चुनौती मिलेगी।

गांगुली ने कहा, निश्चित रूप से भारत के लिए खेलना अलग बात है और वह ऐसे दौरे पर जाएगा जहां विकेट थोड़े अलग होंगे।' उन्होंने कहा, 'वहां गेंद अधिक सीम करेगी, उछाल ज्यादा होगा और नई गेंद से अधिक मूवमेंट मिलेगा। इसलिए खेल थोड़ा अलग होगा, लेकिन मुझे लगता है कि उसमें अपार प्रतिभा है।

उन्होंने कहा, इसलिए उसे समय दीजिए। उससे तुरंत दुनिया जीत लेने की उम्मीद मत कीजिए। उसे अपने खेल में जमने का मौका दीजिए क्योंकि भारत में कई अन्य खिलाड़ियों की तरह उसमें भी बहुत प्रतिभा है। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने कहा कि सूर्यवंशी के कम अनुभव को लेकर ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं है। उनके अनुसार सूर्यवंशी ने अपने शानदार प्रदर्शन से भारतीय टीम में जगह बनाने का पूरा हक हासिल किया है।

# चंबल घड़ियाल्स चार विकेट से जीता

**इंदौर।** होलकर स्टेडियम में खेले गए एक अन्य रोमांचक मुकाबले में चंबल घड़ियाल्स ने रॉयल निमाड़ ईगल्स को चार विकेट से हराकर महत्वपूर्ण जीत दर्ज की। रॉयल निमाड़ ईगल्स की शुरुआत खराब रही। चंबल के गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए ईगल्स को बड़ी साझेदारियां बनाने का मौका नहीं दिया। कनिष्क दुबे ने 17 गेंदों में 23 रन, आनंद बैस ने 22 गेंदों में 28 रन और अभिषेक मावी ने 15 गेंदों में 28 रन बनाए, लेकिन कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। रॉयल निमाड़ ईगल्स 20 ओवर में 9 विकेट पर 145 रन ही बना सकी। चंबल की ओर से मयूर सिंह पटेल ने चार ओवर में 28 रन देकर तीन विकेट झटके। 146 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चंबल घड़ियाल्स को सलामी बल्लेबाज अंकुश सिंह और अपूर्व द्विवेदी ने 40 रन की मजबूत शुरुआत दिलाई। 62 रन पर दो विकेट गिरने के बाद कप्तान शुभम शर्मा और गौतम रघुवंशी ने 41 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी कर टीम को संभाला । मुकाबला रोमांचक मोड़ पर पहुंच चुका था, लेकिन हर्ष दीक्षित और त्रिपुरेश सिंह ने दबाव में संयम दिखाते हुए चंबल घड़ियाल्स टीम को जीत दिला दी।

# पीडब्ल्यूडी बारिश से पहले खुड़ेल से सेमलिया चौक तक बनाएगा नई सड़क

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) नेमावर रोड से देव गुराडिया मंदिर क्षेत्र से जुड़े बरोदा दौलत ग्राम से मुख्य सड़क मार्ग और खुडेल ग्राम से सेमलिया चौक खेमाना फाटा रोड तक करीब आधा दर्जन से ज्यादा गांव को जोड़ने वाली मुख्य सड़क के निर्माण और चौड़ीकरण कार्य के लिए नई सड़क का निर्माण करेगा। वहीं इस सड़क निर्माण कार्य पर पीडब्ल्यूडी द्वारा 3 करोड़ 50 लख रुपए से ज्यादा खर्च किए जाएंगे। यही नहीं सड़क निर्माण के साथ सड़क के बीच डिवाइडर और सेंट्रल लाइटिंग का प्रावधान भी विभाग द्वारा इसी बजट में रखा गया है।

**आधा दर्जन गांवों को जोड़ने वाली मुख्य सड़क निर्माण पर 3 करोड़ से ज्यादा होंगे खर्च**

## टेंडर प्रक्रिया के साथ हुई विभागीय तैयारी शुरू

इधर बड़ी बात यह है कि टेंडर प्रक्रिया के साथ ही सड़क प्रोजेक्ट से जुड़े पीडब्ल्यूडी अफसरों द्वारा इस मार्ग पर करोड़ों की बजट वाली नई सीमेंटेड सड़क निर्माण को लेकर अपनी ओर से विभागीय तैयारी भी शुरू कर दी है ताकि आने वाले दिनों में बेहद जल्द सांवेर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले खुडेल गांव ,सेमलिया चौक ,खेमाना फाटा रोड़, बरोदा दौलत ग्राम सहित लगभग आधा दर्जन से ज्यादा गावों को जोड़ने वाली इस मुख्य सड़क निर्माण को लेकर अपनी ओर से तैयारियां शुरू कर दी है। गौरतलब है कि इस लंबे समय से आधी अधूरी और ऊबड़ - खाबड़ सड़क के निर्माण को लेकर क्षेत्र के हजारों ग्रामीण रहवासी परिवार लंबे समय से क्षेत्रीय विधायक एवं मंत्री तुलसीराम सिलावट से लगातार मांग कर रहे थे। मंत्री सिलावट के प्रयासों से शासन स्तर पर साढ़े तीन करोड़ से ज्यादा की लागत से आधा दर्जन से ज्यादा गांव को जोड़ने वाली मुख्य सड़क का निर्माण वर्षा काल के दौरान ही जल्दी शुरू किया जाएगा। जिससे आने वाले दिनों में भविष्य में इस मार्ग से गुजरने वाले हजारों वाहन चालकों और सैकड़ों ग्रामीणों को भी इसका सीधा फायदा मिलेगा। साथ ही इस मार्ग पर रोशनी के लिए पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क के बीच सेंट्रल लाइटिंग लगाने का कार्य भी किया जाएगा।

# पुलिया से अनाज मंडी तक डेढ़ करोड़ लागत से बनने वाली रिटर्निंग वॉल का नहीं शुरू हुआ काम

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** विधानसभा 3 के वार्ड क्रमांक 63 में स्थित छावनी क्षेत्र की शंकर बाग पुलिया से अनाज मंडी पुलिया तक करीब डेढ़ करोड़ की लागत से लगभग 600 मीटर लंबी रिटर्निंग वॉल बनाने की तैयारी थी। जिसके लिए पिछले दिनों टेंडर संबंधित प्रक्रिया भी शुरू हो गई थी। लेकिन बावजूद अभी तक काम शुरू नहीं हो पाया। जबकि दावा किया जा रहा था इस साल बारिश से पहले सालों पुराने शंकर बाग नाले के आसपास नई सुरक्षा दीवार बनाने का काम शुरू हो जाएगा। जिससे शंकरबाग, छावनी हाट मैदान के आसपास की बस्तियां और अन्य रहवासी क्षेत्र के हजारों लोग बारिश से पहले सुरक्षित हो जाएंगे, ताकि तेज बारिश के दौरान लोगों के घरों में पानी नहीं घुस पाएगा। इसको लेकर निगम अफसरों ने दावा किया था की बारिश शुरू होने से पहले सुरक्षा दीवार निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा, लेकिन अभी तक काम शुरू नहीं हुआ।

**4 साल पहले शंकर बाग नाले के आसपास सुरक्षा दीवार नहीं होने से बारिश के दौरान बह गए थे बच्चे**

## 4 साल पहले सुरक्षा दीवार नहीं होने से बारिश में बह गए थे बच्चे

गौरतलब है कि करीब 4 साल पहले सितंबर 2022 में बारिश के दौरान छावनी क्षेत्र के शंकर बाग नाले के पास सुरक्षा दीवार नहीं बनी होने से बारिश के दौरान क्षेत्र के दो बच्चें (सगे भाई) तेज बारिश के बाद खेलते - खेलते उफनता पानी देखने पहुंचे थे, और अचानक गिरने से नाले में बह गए थे। इस घटना के बाद से क्षेत्र के रहवासी परिवार द्वारा लगातार निगम से यहां बरसों पुराने शंकर बाग नाले से लेकर छावनी अनाज मंडी पुलिया तक नई रिटर्निंग वॉल बनाने की मांग की जा रही थी।

## अगले हफ्ते में जल्द शुरू होगा निर्माण कार्य

इधर,क्षेत्रिय पार्षद मृदुल अग्रवाल का कहना है कि विधायक गोलू शुक्ला के लगातार प्रयासों से लंबे समय से अटकी फाइल पिछले दिनों मंजूरी के बाद अब जाकर बेहद जल्द काम शुरू करने की तैयारी है। यही नहीं हमारा प्रयास है कि जल्द से जल्द काम शुरू हो जाए।जिससे सालों पुराने छावनी पुल से लेकर संयोगितागंज अनाज मंडी तक रिटर्निंग वॉल निर्माण का काम भी जल्द पूरा हो जाए। जिसको लेकर निगम ने अपनी ओर से तैयारियां भी शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि बेहद जल्द शंकर बाग छावनी पुलिया से लेकर अनाज मंडी पुलिया तक लगभग 600 मीटर से ज्यादा लंबी सुरक्षा दीवार का काम पूरा किया जाएगा ताकि क्षेत्र के रहवासियों को बड़ी राहत मिलेगी।

# पाटीदार की धुआंधार पारी ने ग्वालियर चीतास को जीताया




**इंदौर।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार इन दिनों इसी मंत्र पर चल रहे हैं। जब टीम इंडिया के टी20 अंतरराष्ट्रीय स्क्वाड का ऐलान हुआ, तो उसमें एक नाम न होने पर क्रिकेट गलियारों में काफी चर्चा हुई वो नाम था रजत पाटीदार का। लेकिन इस फैसले के ठीक एक दिन बाद, पाटीदार ने मध्य प्रदेश प्रीमियर लीग में अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से चयनकर्ताओं को कड़ा संदेश दिया।

कल ग्वालियर चीतास और मालवा स्टालियंस के बीच भिड़ंत हुई। टीम इंडिया में जगह न मिलने की निराशा को पीछे छोड़ते हुए ग्वालियर चीता के कप्तान पाटीदार ने मैदान पर उतरते ही तबाही मचा दी। पाटीदार ने पार्थ चौधरी के साथ 44 रनों की साझेदारी की और फिर अर्पित पटेल के साथ छठे विकेट के लिए बहुमूल्य 49 रन जोड़े। पाटीदार ने महज 30 गेंदों में 65 रनों की धुआंधार पारी खेली। इस पारी के दौरान उनका स्ट्राइक रेट 216.67 का रहा, जिसमें उन्होंने 6 चौके और 4 गगनचुंबी छक्के जड़े। अंत में हर्षवर्द्धन सिंह ने उन्हें आउट किया, लेकिन तब तक वह ग्वालियर को 190/7 के मजबूत स्कोर तक पहुंचा चुके थे। जवाब में मालवा स्टालियंस की टीम 139 रनों पर ढेर हो गई और पाटीदार की टीम ने 51 रनों से बड़ी जीत दर्ज की। सौम्य पांडे और ईशान अफरीदी की घातक गेंदबाजी के बीच पाटीदार को उनकी कप्तानी पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।



## इन्दौर कोल्ट्स की अंडर-18 क्रिकेट टीम का सम्मान समारोह

**इंदौर ।** आईडीसीए के तत्वाधान में इस वर्ष अंडर-18 क्रिकेट प्रतियोगिता की 4 स्पर्धाएं आयोजित की गई जिसमें से इन्दौर कोल्ट्स की अंडर-'18 क्रिकेट टीम ने 2 स्पर्धाओं पर अपना कब्जा जमाकर जूनियर क्रिकेट में अपनी योग्यता दर्शाई । इंदौर कोल्ट्स टीम के इस बेहतरीन प्रदर्शन पर इंदौर कोल्ट्स के अध्यक्ष चन्द्रराव शिन्दे एवं सचिव अमरदीपसिंह पठानिया ने क्लब के समस्त अंडर-18 खिलाडियों का सम्मान किया गया एवं उनके सम्मान में एक भोज आयोजित किया जिसमें क्लब के सभी वरिष्ठ सम्मानीय सदस्य भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर क्लब के ही वरिष्ठ सदस्य समंदरसिंह चौहान द्वारा सभी खिलाडियों को एक टी-शर्ट एवं क्लब के ही अवधेश दीक्षित एवं विशाल भंडारी द्वार 1100 रुपए का पारितोशिक देकर सम्मान किया गया । इस अवसर पर क्लब के वरिष्ठ सदस्य कमलेश चतुर्वेदी, घर्मेन्द्र बडे एवं सुधीर रसाल मौजूद थे ।

## अंडर-18 एलिट क्रिकेट स्पर्धा में इण्डेक्स क्लब चैम्पियन

**इंदौर ।** आशाबाई स्मृति एलिट क्लब अंडर-18 क्रिकेट स्पर्धा को फायनल मैच इंण्डेक्स क्लब एवं आयकॉन क्लब के मध्य खेला गया जिसमें इंण्डेक्स क्लब ने पहले खेलते हुए 25 ओवरो में सभी विकेट खोकर 120 रन बनाये । श्लोक दूबे ने 34 एव आंचमन कुराने 39 रन बनाये । घनंजय यादव ने 3 विकेट लिये । जवाब में आयकॉन की टीम 28 ओवरो में 63 रनों पर सिमट गई और यह मैच 57 रनों से हार गई । नुजीम खान ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट एवं चित्रांश कुशवाह ने 3 विकेट लिये। इस तरह इंण्डेक्स क्लब ने चैम्पियन होने का गौरव हासिल किया।

## एलेक्जेंडर ज्वेरेव फ्रेंच ओपन ग्रैंड स्लैम जीतकर बने लाल बजरी के नए बादशाह

**नई दिल्ली ।** करीब नौ दशकों का सूखा और तीन बार खिताबी मुकाबले में मिली दिल तोड़ने वाली हार के बाद, आखिरकार एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने टेनिस की दुनिया के सबसे बड़े मंच पर अपना परचम लहरा दिया। फ्रेंच ओपन के फाइनल में इटली के फ्लावियो कोबोली के खिलाफ पांच सेटों तक चले मैराथन मुकाबले में 6-1, 4-6, 6-4, 6-7(5), 6-1 से मिली जीत केवल एक ट्रॉफी नहीं, बल्कि ज्वेरेव के करियर का सबसे ऐतिहासिक पल बन गई। यह जीत जर्मन टेनिस के लिए किसी उत्सव से कम नहीं है। ज्वेरेव 1937 में हेनर हेंकेल के बाद फ्रेंच ओपन जीतने वाले पहले जर्मन पुरुष खिलाड़ी बन गए हैंय 88 सालों के इस लंबे इंतजार को खत्म करते हुए ज्वेरेव ने न केवल अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता, बल्कि अपने करियर का 25वां खिताब भी अपने नाम किया। साल 2026 में यह उनकी 35वीं जीत है, जो उनकी शानदार फॉर्म और शारीरिक मजबूती को दर्शाती है। एलेक्जेंडर ज्वेरेव के लिए यह सफर आसान नहीं रहा। 29 साल की उम्र में अपनी पहली मेजर ट्रॉफी उठाने से पहले उन्होंने तीन बार ग्रैंड स्लैम फाइनल की कड़वाहट झेली थी। 2020 यूएस ओपन, 2024 फ्रेंच ओपन और फिर 2025 ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। विशेष रूप से 2025 में ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में यानिक सिनर के हाथों मिली हार ने उनके मनोबल की कड़ी परीक्षा ली थी। पहला सेट आसानी से जीतने के बाद ज्वेरेव को 24 वर्षीय कोबोली से कड़ी चुनौती मिली। कोबोली ने दूसरा और चौथा सेट जीतकर मुकाबले को निर्णायक पांचवें सेट तक पहुंचा दिया।



## निखिल, संदीप, सुमित व प्रांजल अगले दौर में

**इंदौर।** मध्यप्रदेश बिलियर्ड्स व स्नूकर एसोसिएशन द्वारा आयोजित 11वीं सिक्स रेड एम.पी. स्टेट रैंकिंग स्नूकर चैंपियनशिप 2026 की शुरुआत नेहरू स्टेडियम स्थित बिलियर्ड्स एकेडमी पर हुई। एम.पी. बिलियर्ड्स और स्नूकर एसोसिएशन के चेयरमैन भोलू मेहता ने बताया कि इस चैंपियनशिप में प्रदेश भर के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का लोहा ले रहे है। पहले दिन हुए मुकाबलों में निखिल दरयानी इंदौर ने भोपाल के शिवम सिंह को 3-0 से ,तीन इंदौर के संदीप मंदवानी ने रतलाम के रोहन चौधरी को 3-0 से, इंदौर के सुमित परदेसी ने इंदौर के ही रोहताश डाबर को 3-0 से , प्रांजल नागर इंदौर ने रतलाम के एश्ले सेशन को 3-2 से, इंदौर के रोहन साहनी ने इंदौर के ही अमन गुप्ता को 3-1 से, इंदौर के मोहित उदरीया ने इंदौर के ही पंकज कासलीवाल को 3-2 से, इंदौर के ऋत्विज कासलीवाल ने इंदौर की ही आगम गंगवाल को 3-2 से , इंदौर के महेंद्र चौहान ने भोपाल की अनस कुरैशी को 3-0 से, इंदौर की अनमोल चौहान ने रतलाम की युवराज पवार को 3-0 से तथा इंदौर के मयंक देशपांडे ने रतलाम की रोशन व्यास को 3-1 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।



## भोपाल लेपर्ड 3 गेंद शेष रहते जीता

**इंदौर।** होलकर स्टेडियम में रविवार शाम को खेले गए मुकाबले में भोपाल लेपर्ड ने रोमांचक मुकाबले में रीवा जगुआर को 3 विकेट से मात दी। रीवा जगुआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अक्षत रघुवंशी की 32 गेंदों में खेली गई 85 रनों की उम्दा पारी की बदौलत 20 ओवर में 8 विकेट पर 203 रनों का स्कोर खड़ा किया अक्षत ने इस पारी में 9 छक्के और 6 चौके लगाए। सागर सोलंकी ने भी 48 रनों का योगदान दिया। लेकिन रीवा की टीम द्वारा दिए गए 204 रनों के लक्ष्य को भोपाल जगुआर की टीम ने 3 गेंद और 3 विकेट शेष रहते हासिल कर लिया और रोमांचक जीत दर्ज की। राहुल चंद्रोल ने 44, कप्तान अंकित वर्मा ने 25, हिमांशु शिंदे ने 37, पवन निरवानी ने 29 और कमल त्रिपाठी ने नाबाद 29 रनों की उपयोगी पारियां खेलकर टीम को शानदार जीत दिलाई।

# श्रेयस को भारतीय टी20 कप्तान बनाए जाने पर रोहित ने किया समर्थन

**मुंबई ।** रोहित शर्मा ने नव नियुक्त भारतीय टी20 कप्तान श्रेयस अय्यर को उनकी नई भूमिका में सफल होने के लिए समर्थन दिया है, साथ ही टी20 मुंबई लीग को क्रिकेटरों की अगली पीढ़ी को पोषित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बताया है।




रोहित की ये टिप्पणियां उस रात आईं जब 21,708 प्रशंसक वानखेड़े स्टेडियम में सोबो मुंबई फाल्कन्स और ट्रायम्फ नाइट्स मुंबई नॉर्थ ईस्ट के बीच नुवामा प्राइवेट टी20 मुंबई लीग 2026 के एक शानदार मुकाबले को देखने के लिए जमा हुए थे, जिसमें अय्यर और सूर्यकुमार यादव जैसे सितारे शामिल थे।

भारत के टी20आई कप्तान के रूप में हाल ही में मिली पदोन्नति को अय्यर ने 36 गेंदों में 61 रनों की मैच-विनिंग पारी खेलकर यादगार बनाया, जिससे फाल्कन्स को पांच विकेट से जीत मिली।

लीग के चेहरे रोहित शर्मा ने कहा, मुंबई क्रिकेट का चुनौतीपूर्ण माहौल खिलाड़ियों को उच्चतम स्तर पर नेतृत्व की भूमिकाओं के लिए तैयार करने में मदद करता है। मुंबई में खेलने से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। और अगर आप भारत या मुंबई की कप्तानी कर चुके किसी भी कप्तान से पूछेंगे, तो वे भी यही बात कहेंगे। क्योंकि यहां कुछ भी आसानी से नहीं मिलता।

इसके लिए आपको वास्तव में मेहनत करनी पड़ती है। कप्तानी भी ऐसी चीज है जिसे आपको कमाना पड़ता है और अपने आस-पास के लोगों का सम्मान अर्जित करना पड़ता है। और यह ऐसी चीज है जो इन सभी खिलाड़ियों के पास है। विश्व कप विजेता भारतीय कप्तान ने मुंबई के उन क्रिकेटरों के सफर की ओर इशारा किया , जिन्होंने राष्ट्रीय टीम का नेतृत्व किया है, और उन्होंने सूर्यकुमार यादव और श्रेयस अय्यर को लचीलेपन और नेतृत्व के उदाहरण के रूप में उद्धृत किया। आपने सूर्या को देखा है, जिन्होंने भारत को विश्व कप फाइनल तक पहुंचाया। देखिए, अगर मैं गलत नहीं हूं तो उन्होंने 31 साल की उम्र में भारत के लिए पदार्पण किया था। इसका मतलब है कि उन्होंने कभी हार नहीं मानी।

# आईपीएल सट्टे की बलि चढ़ा इकलौता भाई

## साढ़े 4 लाख रुपये हारने पर युवक ने खाया सल्फास,सुसाइड नोट में बयां किया कर्ज का दर्द

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर में पैर पसार चुके अवैध आईपीएल सट्टे के दलदल ने एक और हंसते-खेलते परिवार के चिराग को बुझा दिया है। नलिया बाखल क्षेत्र में रहने वाले एक 20 वर्षीय युवक ने सट्टे में करीब साढ़े 4 लाख रुपये हारने के बाद कर्ज के तनाव में सल्फास खाकर आत्महत्या कर ली। मृतक दो बहनों के बीच इकलौता भाई था और उसके सिर से पिता का साया पहले ही उठ चुका था। पुलिस को युवक की जेब से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसकी जांच की जा रही है।



नलिया बाखल निवासी अमन पिता दिलीप मालाकार (20) एक निजी कंपनी में काम करता था। बीती रात उसने अपने घर पर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। तबीयत बिगड़ने पर जब परिजन उसे अस्पताल लेकर भागे, तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। तलाशी के दौरान पुलिस को अमन के पास से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसमें उसने साफ तौर पर लिखा है कि वह आईपीएल मैच के सट्टे में करीब साढ़े 4 लाख रुपये हार चुका था। इस भारी-भरकम कर्ज और सटोरियों के दबाव के चलते वह भारी मानसिक तनाव में था और इसी वजह से अपनी जीवनलीला समाप्त कर रहा है।

# गैरेज पर बैठने से रोकने पर विवाद

## बदमाश ने साथियों संग मिलकर युवक पर किया हमला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

तिलक नगर थाना क्षेत्र में गैरेज पर बैठने से मना करने जैसी मामूली बात पर एक युवक पर हमला करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर पीड़ित के साथ गाली-गलौज की और चाकू से वार कर उसे घायल कर दिया। यही नहीं, बदमाशों ने पीड़ित पर पथराव भी किया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर नामजद आरोपी और उसके साथियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, आजाद नगर के न्यू इंदिरा एकता नगर निवासी फरियादी राजेश्वर पिता राजकुमार सोनकर के साथ यह वारदात राजग्राही कॉलोनी में घटित हुई। राजेश्वर ने पुलिस को बताया कि आरोपी आकाश परमार निवासी मूसाखेड़ी अपने कुछ दोस्तों के साथ वहां आया। आकाश ने राजेश्वर को देखते ही पुराना विवाद निकालते हुए कहा कि तूने मुझे गैरेज पर बैठने से मना क्यों किया था? इसी बात पर गालियां देना शुरू कर दिया।जब राजेश्वर ने गाली देने का विरोध किया, तो आरोपी आकाश ने तैश में आकर अपने पास रखी कोई नुकीली चीज निकाली और राजेश्वर की जांघ पर दे मारी, जिससे खून बहने लगा। इस दौरान आकाश के साथ आए अन्य लड़कों ने राजेश्वर पर पथराव शुरू कर दिया। पत्थरों के वार से राजेश्वर के बाएं कंधे और दाहिने हाथ के अंगूठे में गंभीर चोटें आई हैं। चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुँचे राजा गोयल और चांदू नामक युवकों ने बीच-बचाव कर राजेश्वर की जान बचाई, जिसके बाद आरोपी धमकी देते हुए भाग निकले।

# वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़

## चंदन नगर पुलिस ने धार रोड पर घेराबंदी कर 2 शातिर चोर दबोचे, 4 दोपहिया वाहन जब्त

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

शहर में वाहन चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत चंदन नगर थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए एक अंतर्जिला वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश कर दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की एक रॉयल एनफील्ड बुलेट, होंडा शाइन, हीरो स्प्लेंडर और एक एक्टिवा स्कूटर सहित कुल चार दोपहिया वाहन बरामद किए गए हैं। आरोपी इन गाड़ियों को अलीराजपुर और गुजरात के सीमावर्ती इलाकों में खपाने की फिराक में थे।



चंदन नगर क्षेत्र में लगातार हो रही वाहन चोरी की वारदातों को देखते हुए डीसीपी (जोन-4) सुनील मेहता के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी तिलक कारोले द्वारा एक विशेष टीम गठित की गई थी। तकनीकी विश्लेषण से पुलिस को सुराग मिला कि चोर वारदात के बाद धार रोड के रास्ते भागते हैं। इसके बाद पुलिस ने धार रोड स्थित नावदापंथ क्षेत्र में देर रात 1 से सुबह 5 बजे के बीच सघन चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान एक गाड़ी पर दो संदिग्ध आते दिखे, जो पुलिस को देख भागने लगे, जिन्हें मुस्तैद बल ने घेराबंदी कर दबोच लिया।

### लॉक तोड़कर और डायरेक्ट वायर कर उड़ाते थे गाड़ियां

थाने लाकर की गई सख्त पूछताछ में आरोपियों ने सूने स्थानों और पार्किंग क्षेत्रों से मास्टर चाबी से लॉक तोड़कर तथा डायरेक्ट वायर कनेक्शन कर वाहन चोरी करने की बात कबूल की। आरोपियों ने चंदन नगर थाना क्षेत्र से तीन और एरोड्रम थाना क्षेत्र से एक वाहन चोरी करना स्वीकार किया, जिन्हें पुलिस ने बरामद कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान विकास गुर्जर पिता भगवानदास गुर्जर, निवासी हरदा, हाल मुकाम न्यू राम नगर, नंदबाग, इंदौर और सौरभ राजपूत पिता गणेश राजपूत, निवासी खंडवा हाल मुकाम न्यू राम नगर, नंदबाग, इंदौर के रूप में हुई है।

### महंगे शौक पूरे करने के लिए अलीराजपुर और गुजरात में बेचते थे वाहन

**पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे इंदौर से चुराए गए वाहनों को अलीराजपुर और गुजरात के इलाकों में औने-पौने दामों में बेच देते थे और उससे मिलने वाले पैसों से अपने महंगे शौक पूरे करते थे। चंदन नगर पुलिस अब आरोपियों के पुराने आपराधिक रिकॉर्ड और सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। पुलिस को आशंका है कि रिमांड के दौरान आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ में शहर की कई अन्य बड़ी चोरियों का खुलासा हो सकता है।**

# बहन के ससुराल पहुँचे भाई भाभी को लात-घूंसों से पीटा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

तेजाजी नगर थाना क्षेत्र के ग्राम कैलोद करताल में अपनी बहन से मिलने गए एक दंपत्ति पर उसके ससुराल वालों ने जानलेवा हमला कर दिया। बहन के ससुर, जेठ और पति ने मिलकर भाई-भाभी के साथ न सिर्फ गाली-गलौज की, बल्कि डंडे और लात-घूंसों से उनकी बेरहमी से पिटाई कर दी। पुलिस ने पीड़ित भाई की शिकायत पर तीनों नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, राजेंद्र नगर के रेती मंडी इलाके के रहने वाले फरियादी श्याम तंवर पिता भैय्यालाल तंवर बीती रात अपनी पत्नी शिवानी के साथ बहन भारती से मिलने के लिए उसके ससुराल ग्राम कैलोद करताल गए हुए थे। श्याम और उनकी पत्नी जैसे ही भारती के घर पहुँचे, वहाँ पारिवारिक बात को लेकर विवाद शुरू हो गया।फरियादी ने पुलिस को बताया कि घर पहुँचते ही भारती के ससुर किशोर मंगोलिया और जेठ प्रिंस मंगोलिया उन्हें देखते ही गालियां देने लगे। जब श्याम और उनकी पत्नी शिवानी ने गालियां देने से मना किया, तो विवाद और बढ़ गया। इसी बीच भारती का पति सुमित मंगोलिया भी वहाँ आ गया और तीनों ने दंपत्ति को घेर लिया। आरोपी प्रिंस ने हाथ में लिए डंडे से श्याम पर ताबड़तोड़ वार कर दिए, वहीं ससुर किशोर और पति सुमित ने उनके साथ लात-मुक्कों से जमकर मारपीट की।ससुराल पक्ष के चंगुल से किसी तरह जान बचाकर पीड़ित दंपत्ति तेजाजी नगर थाने पहुँचे और मामले की शिकायत दर्ज कराई।

# मालकिन मायके क्या गई, नौकरानी कैफे का सारा सामान समेटकर ले गई

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

भंवरकुआं थाना क्षेत्र के भोलाराम उस्ताद मार्ग पर एक कैफे संचालिका को अपनी ही महिला कर्मचारी पर भरोसा करना भारी पड़ गया। संचालिका अपनी बीमार मां को देखने शहर से बाहर क्या गईं, पीछे से नौकरानी ने कैफे पर ताला लगा दिया और वहाँ रखा कीमती सामान और नकदी लेकर रफूचक्कर हो गई। हद तो तब हो गई जब पीड़िता ने फोन किया, तो आरोपी महिला ने बेखौफ होकर स्वीकार किया कि चोरी उसी ने की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी महिला की तलाश शुरू कर दी है।

**फोन पर बोली- 'हाँ, मैंने ही चोरी की है'**

पुलिस के अनुसार, त्रिवेणी कॉलोनी निवासी फरियादी अनिता ठाकुर भोलाराम उस्ताद मार्ग स्थित महाकाल चौपाटी पर अनिताश कैफे एंड इंडस्ट्रीज का संचालन करती हैं। उनके कैफे पर पिछले 5 महीने से श्रद्धा दुबे निवासी एमआर 10 काम कर रही थी। कुछ दिनों पहले अनिता की माताजी की तबीयत अचानक खराब हो गई, जिसके कारण उन्हें तुरंत अपने मायके ग्वालियर जाना पड़ा। जाते समय अनिता भरोसे के तौर पर श्रद्धा दुबे को कैफे की जिम्मेदारी और संचालन सौंप गई थीं। जब अनिता ठाकुर ग्वालियर से वापस इंदौर लौटीं और अपने कैफे पहुँचीं, तो नजारा देखकर दंग रह गईं। कैफे पूरी तरह बंद पड़ा था। जब उन्होंने ताला खोलकर अंदर देखा, तो कैफे में रखा कीमती सामान गायब था।

श्रद्धा कैफे में रखा एक वीवो कंपनी का मोबाइल फोन, चार्जर, म्यूजिक सिस्टम और गल्ले में रखी कुछ नकदी बटोरकर ले जा चुकी थी। अनिता ने जब अपने नंबर से श्रद्धा से संपर्क करने की कोशिश की तो उसने फोन नहीं उठाया। इसके बाद अनिता ने अपने पति के मोबाइल नंबर से श्रद्धा को कॉल किया। इस बार श्रद्धा ने फोन उठा लिया और बिना किसी डर के साफ शब्दों में कहा हाँ, मैंने ही तुम्हारे कैफे में चोरी की है, जो करना है कर लो। इस अजीबोगरीब वाकये और चोरी के बाद पीड़ित संचालिका भंवरकुआं थाने पहुँचीं और आरोपी कर्मचारी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।